Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 65 | शुक्रवार, 07 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## विपक्ष पर भी जमकर बरसे पीएम मोदी

# 'जंगलों से साफ हो रहा नक्सलवाद लेकिन शहरी केंद्रों में जड़ें जमा रहा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जंगलों से नक्सलवाद का सफाया हो रहा है, लेकिन यह तेजी से शहरी इलाकों (अर्बन सेंटर्स) में जड़ें जमा रहा है। कुछ राजनीतिक दलों में भी आज यह विचारधारा पैठ जमा चुकी है। हमें अर्बन नक्सलियों से सावधान रहना है। मोदी गुरुवार को एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने लोगों की आकांक्षाओं को कुचल दिया है और लोगों ने भी उससे ज्यादा उम्मीदें रखना बंद कर दिया है।



पीएम ने कहा कि उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से चीजें बदल गई हैं और पिछले दशक में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा- "आज का भारत बड़ा सोच रखता है, बड़े लक्ष्य तय करता है और बड़े परिणाम देता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश की मानसिकता बदल गई है। देश बड़ी आकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ रहा है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सुरक्षा के मोर्चे पर कड़ी मेहनत की है और आतंकी हमले और आतंकियों के स्लीपर सेल टेलीविजन की सुर्खियों से गायब हो गए हैं।

### पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

उन्होंने कहा कि यह तब संभव हुआ जब सरकार ने जमीनी स्तर पर शासन देने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा– "सरकार के निर्णायक फैसलों से आज नक्सलवाद जंगल से तो साफ हो रहा है, लेकिन अब वो अर्बन सेंटर्स में पैर पसार रहा है। अर्बन नक्सलियों ने अपना जाल इतनी तेजी से फैलाया है।

उन्होंने कहा- "देश में नक्सलवाद भी अपने आखिरी पड़ाव पर है। विगत में 100 से अधिक जिले इस खतरे से बुरी तरह प्रभावित हुए थे। हालांकि, यह संख्या आज घटकर लगभग दो दर्जन जिलों तक रह गई है।" मोदी ने कहा- "हमें याद रखना चाहिए कि शहरी नक्सली हमारे विकास और विरासत के खिलाफ हैं। विकास और विरासत का संरक्षण दोनों ही एक विकसित भारत के लिए जरूरी हैं। इसलिए हमें शहरी नक्सलियों से सावधान रहना होगा।"

मोदी ने यह भी कहा- देश उस रूढ़िवादिता से बाहर आ गया है कि यह डूब जाएगा और दुनिया को भी अपने साथ ले जाएगा। आज भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनियाभर में एक नई आशा की लहर पैदा की है। आगे कहा कि पिछले दशक में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

## ठंडी हवाओं ने दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत का पारा किया डाउन



**नई दिल्ली।**

हिमाचल के उच्च इलाके और जम्मू कश्मीर में लगातार बर्फबारी हो रही है। इसके साथ निचले इलाकों में बर्फबारी हुई है, अब वहां बर्फ पिघल रही है। जिसका असर उत्तर भारत पर हो रहा है। ठंडी हवाओं के कारण दिल्ली एनसीआर समेत यूपी हरियाणा का पारा काफी नीचे चला गया है। वहीं मौसम विभाग ने कहा कि शुक्रवार को ठंडी हवाओं का असर जारी रहेगा। दिन में तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है और रात का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के चलते यूपी में पहाड़ों से ठंडी हवाएं आ रही हैं जिसके कारण अलीगढ, मथुरा, आगरा, सहारनपुर, मेरठ समेत अन्य जिलों में तापमान काफी नीचे चला गया है। सुबह व रात के समय बर्फीली हवाओं ने फिर से गर्म कपड़े पहनने पर लोगों को मजबूर कर दिया. मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी ठंडी हवाओं का असर जारी रहेगा। राजस्थान में भी ठंडी हवाओं के चलते दिन में मौसम ठंडा बना हुआ है। लेकिन मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले एक दो दिन में राजस्थान के जयुपर, उदयपुर आदि शहरों में गर्मी बढ़ने लगेगी। मुंबई समेत आस पास के क्षेत्र में तापमान बढ़ने की चेतावनी दी गई है। यह स्थिति एक हफ्ते तक जारी रह सकती है। साथ ही इस हफ्ते से हीट वेव जैसी स्थिति बनेगी। मौसम विभाग ने अनुसार, समुद्र के ऊपर से आने वाली ठंड हवाओं की रफ्तार धीमी रहेगी। उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना है और पहाड़ से मैदान तक चटख धूप खिल रही है। जिससे अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। दून का अधिकतम तापमान 24 घंटे के भीतर तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। हालांकि, न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने से सुबह-शाम ठिठुरन बनी हुई है। दून में गुरुवार को सुबह से चटख धूप खिली रही।

### उत्तराखंड में मौसम शुष्क



## होली पर आठ से 18 मार्च तक यूपी में चलेंगी अतिरिक्त बसें

**लखनऊ।** यूपी में होली के मौके पर घर आने और जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए आठ मार्च से 18 मार्च तक अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए कर्मचारी पहले से तय हो जाएंगे। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने होली पर अतिरिक्त बसों को चलाने व इसके लिए प्रोत्साहन योजना के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि होली पर 08 से 18 मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। गाजियाबाद, दिल्ली व पश्चिमी क्षेत्रों से लोग ज्यादा यात्रा करते हैं। इसको देखते हुए इन क्षेत्रों में बसों व कर्मचारियों की संख्या आवश्यकतानुसार निर्धारित करते हुए पहले से ही तैयारी कर ली जाए।

## ब्रिटेन ने जयशंकर की सुरक्षा चूक की कड़ी निंदा की, कहा- यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है



**नई दिल्ली।**

लंदन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में विदेश मंत्रालय ने भी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा- ब्रिटेन से अपेक्षा है कि वे अपनी राजनयिक जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाएंगे। ब्रिटेन ने गुरुवार को उन घटनाओं की कड़ी निंदा की, जब एक खालिस्तानी समर्थक ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के काफिले की सुरक्षा में सेंध लगाई। ब्रिटेन ने इसे पूर्ण रूप से अस्वीकार्य बताया और कहा कि इस तरह के प्रयासों को धमकाने, डराने या सार्वजनिक कार्यक्रमों को बाधित करने का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। यह घटना तब हुई जब विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ब्रिटेन से अपनी राजनयिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का आह्वान किया, क्योंकि एक प्रदर्शनकारी ने बुधवार शाम को लंदन में चाथम हाउस से बाहर जयशंकर के काफिले को घेरने की कोशिश की। यह प्रदर्शनकारी कुछ अन्य लोगों के साथ खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहा था और अलगाववादी झंडे लहरा रहा था। हालांकि, मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति को रोक लिया, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं जो चाथम हाउस के बाहर विदेश मंत्री के ब्रिटेन दौरे के दौरान हुई।' उन्होंने कहा, 'ब्रिटेन शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार बनाए रखता है, लेकिन किसी भी तरह से धमकाने, डराने या सार्वजनिक कार्यक्रमों को बाधित करने की कोशिश पूरी तरह से अस्वीकार्य है।' विदेश मंत्री एस जयशंकर की लंदन में सुरक्षा चूक को लेकर भारत ने नई दिल्ली में ब्रिटेन के प्रभारी राजनयिक को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

सूत्रों ने बताया कि ब्रिटिश उच्चायोग के प्रभारी राजनयिक को विदेश मंत्रालय में बुलाया गया। इस दौरान विदेश मंत्री की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर भारत ने प्रभारी राजनयिक को आपत्तिपत्र दिया।

### समाजिक संगठन ने घटना की निंदा की

समाजिक संगठन इनसाइट यूके ने इस घटना की निंदा करते हुए सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर किया और इसे शर्मनाक बताया, क्योंकि यह हमला उस समय हुआ जब भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी से द्विपक्षीय रिश्तों पर सफल वार्ता की थी।

### 'ब्रिटेन अपनी राजनयिक जिम्मेदारियों को निभाए'

इस घटना के बाद, विदेश मंत्रालय ने भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि एक छोटे समूह के अलगाववादियों और उग्रवादियों की इन गतिविधियों को वे नकारते हैं और ब्रिटेन से अपेक्षाएं जताई हैं कि वे अपनी राजनयिक जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाएंगे।

## मुजफ्फरपुर वालों के लिए खुशखबरी, ऋषिकेश के लिए पहली बार चलेगी होली स्पेशल ट्रेन



**मुजफ्फरपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर से चार होली स्पेशल ट्रेन, एक वंदे भारत स्पेशल सहित 15 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों परिचालन किया जाएगा। इस बात की जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। 04302/04301 योगनगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर-योगनगरी ऋषिकेश फेस्टिवल स्पेशल (हाजीपुर-गोरखपुर-गोंडा, मुरादाबाद-हरिद्वार) के रास्ते चलाई जाएगी।

## अमेरिकी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका के शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखी गई है। इसका कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को माना जा रहा है। बड़ी संख्या में निवेशकों ने पैसे निकाले जिसके कारण बिकवाली हुई। अमेरिका में टैरिफ की दरों में उछाल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वाली कंपनियों के शेयरों में गिरावट के कारण निवेशकों को बड़े नुकसान की खबर है। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंज- नैस्डैक का सूचकांक अपने रिकॉर्ड से 10% से अधिक नीचे चला गया है। वॉल स्ट्रीट में बिकवाली हुई है और निवेशकों के पैसे डूब रहे हैं।



वॉल स्ट्रीट के लिए अगला महत्वपूर्ण सवाल शुक्रवार को आने वाली अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट होगी, जिसमें यह बताया जाएगा कि पिछले महीने अमेरिकी नियोक्ताओं ने कितने कर्मचारियों को काम पर रखा। अब तक, एक मजबूत नौकरी बाजार और अमेरिकी परिवारों द्वारा खर्च करने की प्रवृत्ति मंदी से बचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हालांकि, कुछ बड़े खुदरा विक्रेता, जैसे मेसी और विक्टोरिया सीक्रेट, यह चेतावनी दे रहे हैं कि अमेरिकी उपभोक्ताओं द्वारा खर्च किए जाने की सीमा अब तक पूवार्नुमानों से कम हो सकती है। वॉल स्ट्रीट में गुरुवार को भारी बिकवाली देखने को मिली, और अमेरिकी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई। यह गिरावट राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ और अर्थव्यवस्था के बारे में चल रही अनिश्चितता से उत्पन्न हुई। पिछले दिनों थोड़ी रिकवरी के बाद, अमेरिकी शेयर बाजार में हाल के हफ्तों में फिर से तेज गिरावट देखी गई। एसएंडपी 500 में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई, डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 427 अंक (1%) की कमी आई, और नैस्डैक कंपोजिट 2.6 प्रतिशत गिरकर अपने रिकॉर्ड से 10% नीचे आ गया।

## बीते पांच दिनों में 30 फीसदी अधिक बारिश ने जल निकायों में फूंकी जान

**श्रीनगर।**




इससे झेलम और अन्य नदियों में जलस्तर बढ़ा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 25.4 मिलीमीटर की औसत वर्षा के मुकाबले जम्मू-कश्मीर में एक से 5 मार्च तक 33 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर में बीते पांच दिनों में औसत से 30 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। इससे झेलम और अन्य नदियों में जलस्तर बढ़ा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 25.4 मिलीमीटर की औसत वर्षा के मुकाबले जम्मू-कश्मीर में एक से 5 मार्च तक 33 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक वर्षा (68% अधिक) बांदीपोरा में हुई। आंकड़ों के अनुसार, श्रीनगर, बडगाम, बारामुला, डोडा, कुपवाड़ा, पुलवामा, राजोरी, शोपियां व उधमपुर सहित नौ जिलों में सामान्य से 20 से लेकर 59 प्रतिशत तक अधिक बारिश दर्ज की गई। हालांकि रियासी, सांबा और कठुआ में इस अवधि के दौरान कम बारिश हुई है। आंकड़ों के अनुसार, रामबन, किश्तवाड़ व बांदीपोरा में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान अनंतनाग, गांदरबल, जम्मू, कुलगाम व पुंछ में सामान्य वर्षा दर्ज की गई। हाल ही में हुई बारिश ने कश्मीर में जल निकायों को रिचार्ज कर दिया है। आंकड़ों के अनुसार, राम मुंशी बाग में झेलम नदी वीरवार शाम तक 3.60 फीट पर बह रही थी, जो जलस्तर में वृद्धि दर्शाती है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार प्रदेश में 10 मार्च से फिर बारिश-बर्फबारी के आसार है। 10 और 11 मार्च को पर्वतीय इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 12 मार्च को बादल छाए रहने की संभावना है, जबकि 13 और 14 मार्च को बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

## संपादक की कलम से

### बदहाली की शिक्षा

हरियाणा के सरकारी स्कूल जिस बदहाली से गुजर रहे हैं उसका निष्कर्ष यही है कि ये स्कूल बीमार भविष्य के कारखाने साबित हो सकते हैं। हरियाणा के प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा हाल में किए गए युक्तीकरण के प्रयासों से राज्य में सार्वजनिक शिक्षा की निराशाजनक स्थिति ही उजागर हुई है। सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि राज्य में 487 सरकारी प्राथमिक विद्यालय बिना किसी शिक्षक के संचालित किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विडंबना यह है कि करीब 294 स्कूलों में कोई छात्र नामांकित नहीं है। निश्चय की छात्रों के मोहभंग के कारणों को समझना कठिन नहीं है। निश्चित रूप से यदि प्राथमिक शिक्षा की यह तस्वीर है तो माध्यमिक और उच्च शिक्षा की स्थिति और भी खराब हो सकती है। विडंबना यह भी है कि शिक्षा व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने की कवायद में शिक्षकों की बड़ी कमी के बावजूद पांच हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो गए हैं। हालांकि, छात्र-शिक्षक अनुपात 28:1 प्रबंधनीय लग सकता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कहीं ज्यादा खराब है। लगभग 16,500 से अधिक टीजीटी और 11,341 पीजीटी शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। इतना ही नहीं राज्य के विश्वविद्यालय और कालेज भी शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। यहां तक कि सरकारी कॉलेजों में भी व्याख्याताओं के लगभग आधी पद खाली हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि राज्य में योग्य बेरोजगारों की बड़ी संख्या के बावजूद ये पद खाली पड़े हैं। जो व्यवस्थागत खामियों की ओर ही इशारा करते हैं। विसंगति यह भी है कि बजटीय उपेक्षा ने समस्या को और बढ़ा दिया है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पिछले साल एक संबंधित मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आवंटित बजट का समय रहते उपयोग न कर पाने के कारण शिक्षा निधि में 10,675 करोड़ रुपये वापस लौटने का उल्लेख किया था। जो शिक्षा विभाग की उदासीनता की ही तस्वीर ही उकेरता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि एक ओर वित्तीय संसाधनों की कमी की बात कही जाती है और दूसरी ओर शिक्षा निधि में उपयोग न किए गए धन को लौटाने की बात सामने आ रही है। जाहिरा तौर पर यदि आवंटित धन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जा रहा है तो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का दावा निरर्थक ही साबित होगा। कमोवेश शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाये जाते रहे हैं। कहा जा रहा है कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों के छात्रों का अंकगणितीय ज्ञान और साक्षरता का कौशल पंजाब व पड़ोसी राज्य हिमाचल से कमतर ही है। हाल में जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट यानी एएसईआर 2024 एक गंभीर स्थिति को ही उजागर करती है।



ललित शर्मा
संपादक

# बिहार में बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ेगी भाजपा- एनडीए गठबंधन का फॉर्मूला तय हो गया

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दिलचस्प दौर जारी है। नीतीश कुमार जहां एक बार फिर अपने पुराने रूप में आते हुए लालू यादव और राबड़ी देवी पर तीखा हमला बोल रहे हैं। नीतीश तेजस्वी यादव पर निशाना साधने के साथ ही बिहार के मतदाताओं को 2005 से पहले के बिहार की भी लगातर याद दिला रहे हैं।

लेकिन नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की लड़ाई के बीच प्रशांत किशोर के एक बयान ने बिहार की राजनीति को पूरी तरह से गरमा दिया है। जन सुराज पार्टी के बैनर तले बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे प्रशांत किशोर ने यह बयान देकर सनसनी पैदा कर दी है कि नीतीश कुमार बीजेपी के साथ मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे लेकिन नतीजों के बाद वे फिर से पाला बदल सकते हैं। प्रशांत किशोर ने इसके साथ ही अपने कई पुराने बयानों को दोहराते हुए नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर भी कई तरह के गंभीर सवाल उठाए।

इसे भी पढ़ें: तो क्या निशांत कुमार की सियासी लॉन्चिंग से वंशवादी लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी?

भाजपा के रणनीतिकारों को भी नीतीश कुमार की राजनीतिक शैली का बखूबी अंदाजा है। इसलिए पार्टी के रणनीतिकारों ने पहले ही इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति बना ली है। बताया जा रहा है कि भाजपा इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन में जेडीयू और भाजपा के बीच 122-121 के फॉर्मूले पर सीटों का बंटवारा हुआ था। जेडीयू को मिले 122 सीटों में से 115 पर नीतीश कुमार ने अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और 7 सीटें जीतन राम मांझी की पार्टी को दिया था। वहीं भाजपा ने अपने कोटे की 121 सीटों में से 110 पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और 11 सीटें मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को दे दी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में 110 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 74 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। जबकि भाजपा से ज्यादा यानी 115 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद नीतीश कुमार की पार्टी सिर्फ 43 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई थी।

इस बार भाजपा ने बिहार में जेडीयू से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार कर ली है। इस रणनीति के तहत भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव के 122-121 के फॉर्मूले को दरकिनार करते हुए 139-104 का नया फॉर्मूला तैयार कर लिया है। इस फॉर्मूले के हिसाब से 2020 के विधानसभा चुनाव में 115 सीटों पर लड़ने वाले नीतीश कुमार की पार्टी को इस बार सिर्फ 104 सीटों पर ही संतुष्ट होना पड़ेगा। भाजपा इस फॉर्मूले के तहत 139 सीटें अपने कोटे में रखने की तैयारी कर रही है। भाजपा के आला नेताओं ने नीतीश कुमार को इस फॉर्मूले के बारे में बताते हुए यह भी साफ कर दिया है कि पार्टी अपने कोटे में से ही गठबंधन में शामिल अन्य दलों को सीटें देंगी।





> इस बार भाजपा ने बिहार में जेडीयू से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार कर ली है। इस रणनीति के तहत भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव के 122-121 के फॉर्मूले को दरकिनार करते हुए 139-104 का नया फॉर्मूला तैयार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि 139 सीटों के अपने कोटे में से भाजपा 20 सीट चिराग पासवान की पार्टी को देगी और 7-7 सीट जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को देगी। बाकी बची 105 सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। इस हिसाब से भाजपा नीतीश कुमार की पार्टी से एक सीट ज्यादा पर चुनाव लड़कर बिहार एनडीए गठबंधन की राजनीति में न केवल बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ेगी बल्कि इसके साथ ही चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के उम्मीदवारों के चयन में भी अपना दखल बनाए रखेगी। भाजपा की यह पूरी कोशिश होगी कि 139 के अपने कोटे वाली सीटों पर ही शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत के लिए जरूरी 122 सीटें हासिल कर ली जाए। अगर पार्टी अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है तो फिर नीतीश कुमार की मोलभाव करने की राजनीतिक क्षमता खत्म हो जाएगी। भाजपा बड़े आराम से चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की मदद से बिहार में अपना मुख्यमंत्री बना लेगी।

बिहार की राजनीति के बारे में एक बात तो शीशे की तरह साफ है कि नीतीश कुमार से लेकर लालू यादव और तेजस्वी तक, चिराग पासवान से लेकर भाजपा तक, सब एक दूसरे की मंशा से वाकिफ है। सब बेहतर मौके का इंतजार कर रहे हैं और बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे ही यह बताएंगे कि चुनाव के बाद कौन किसके साथ रहेगा और राज्य में किसकी सरकार बनेगी? **-संतोष पाठक**

## मोनिका डागा

## आज की नारी

### कविता



जटिल बंदिशें साहस से तोड़ रही है वो,
वक्त को रफ्तार से पीछे छोड़ रही है वो,
भयंकर तूफानों को आंख दिखा कर,
किस्मत के बंद ताले खोल रही है वो ।

बेखौफ नई चुनौतियां स्वीकार रही है वो,
हर रणक्षेत्र में जज्बा बुलंद कर रहीं है वो,
पंखों में चाहत के सतरंगी रंग सजा कर,
धरती से अंबर तक उड़ान भर रही हैं वो ।

रूढ़िवादिता की जड़ों को उधेड़ रही हैं वो,
तटस्थ हो मेहनत से लक्ष्य जीत रही है वो,
तकनीकी आधुनिक ज्ञान को अपनाकर,
असंभव संकल्प को पूरा कर रही है वो ।

कोमलांगी से बन काबिल हुंकार रही है वो,
विश्वस्तरीय पटल पर ललकार रही है वो,
टूटी कड़ियों को बुद्धिमत्ता से जोड़ कर,
दसों दिशाओं में परचम लहरा रही है वो ।

दुर्गम सीमाएं बेझिझक अब लांघ रही है वो,
अपनी अलग श्रेष्ठ पहचान बना रही है वो,
उबड़-खाबड़ रास्तों पर हिम्मत दिखाकर,
नारीशक्ति के कीर्तिमान झण्डे गाड़ रही है वो ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अमेरिका का रेसिप्रोकल टैक्स बम ! 2 अप्रैल 2025 से लागू- भारत चीन सहित अनेक देशों मैं खलबली मची



गोंदिया

**वेलकम इंडिया**

वैश्विक स्तरपर फिर एक बार पूरी दुनियाँ को मानना पड़ेगा कि,क्यों अमेरिका को दुनियाँ के बादशाह की संज्ञा दी गई है। पिछले दिनों हमने देखे कि किस तरह रुस को मोहरा बनाकर यूक्रेन पर दबाव, फिर व्हाइट हाउस में ट्रंप जेलेंसकी की शाब्दिक गर्माहट,अनेक देशों के तख्ता पलट यानी सत्ता की चाबी, इसका नतीजाज जेलेंस्की द्वारा 5 मार्च 2024 को रुस से युद्ध समाप्त करने की हामी भरी और एक चिट्ठी लिखकर इशारा सहित इसके पहले अप्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखाना सहित अनेक कठोर कदमों के साथ दिनांक 5 मार्च 2024 को अमेरिकी कांग्रेस को ट्रंप प्रशासन -2 का पहला संबोधन हुआ, जिसमें पाकिस्तान की तारीफ, वैश्विक मुद्दों की चर्चा, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन को ध्यान में रखते हुए भारत चीन सहित अनेकों देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स 2 अप्रैल 2025 को लागू करने की घोषणा की, यानें जो देश जितना टैक्स इंपोर्ट पर लगता है उतना ही रिसिप्रोकल टैक्स उसके एक्सपोर्ट पर भी लगाई जाएगी, इसीलिए अनेक देशों में खलबली मची हुई है। अनेक चीजों पर भारत-अमेरिकाएक दूसरे पर निर्भर हैं अगर दोनों एक दूसरे पर उतना टैक्स लगा देंगे तो अत्यधिक महंगाई हो जाएगी जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा वैसी ठीक वैसी ही स्थिति अमेरिका के पास भी उत्पन्न होगी खासकर भारत को फार्मास्यूटिकल प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ व्यापार होता है जो अमेरिका वालों को सस्ता लगता है इसलिए वे भारतीय चीजों को रिस्पांस देते हैं,परंतु अब इसपर रेसिप्रोकल टैक्स लगने से भारतीय उद्योगों को एमएसएमई सहित जो एक्सपोर्ट करते हैं उनकी बहुत अधिक फजीहत होने की संभावना है, क्योंकि उनका माल अमेरिका नहीं जा सकेगा क्योंकि अमेरिका जो भी जो माल आएगा उसपर भी टैरिफ लगाए आने से इसकी कीमतें बढ़ जाएगी, जिसका अल्टीमेटली फर्क उपभोक्ताओं को ही पड़ेगा, क्योंकि वह चीजें महंगी होंगी तो लोगों की जेब से अधिक पैसे खर्च होंगे इसलिए वे भारतीय चीजें लेना बंद कर देंगे ट्रंप का मानना है कि इसके दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। मेरा मानना है इसका असर अमेरिका सहित इत्यादि अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पढ़ सकनें की संभावना है, क्योंकि विश्व में दो विजन्स का आगाज चल रहा है, मेक इन इंडिया तथा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका का रेसिप्रोकल टैक्स बम 2 अप्रैल 2025 से लागू, भारत चीन सहित अनेकों देशों में खलबली मचना तय होने की संभावना?

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारत सहित कुछ देशों पर 2 अप्रैल 2025 से रेसीप्रोकल टैक्स लगाने कीघोषणा करने की करें तो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को रेसिप्रोकल ट्रैरिफ लगाने की बात को दोहराया है, उन्होंने कहा कि भारत, चीन सहित दुनिया के कई देशों पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल ट्रैरिफ लगाया जाएगा, इससे पहले कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत और चीन पर लगे 10 प्रतिशत ड्यूटी को बढ़ाकर 20 प्रतिशत लागू कर दिया था, ट्रंप के इस कदम से ग्लोबल मार्केट में अस्थिरता देखी जा रही है। दरअसल, ट्रंप 5 मार्च 2025 को कांग्रेस के ज्वाइंट सेशन को संभोधित कर रहे थे, उन्होंने इस दौरान अमेरिका रिच अगेन का आह्वान करते हुए इसका ऐलान किया,उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दूसरे देशों की ओरसे अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिसेस को रोकने के लिए यह बेहद जरूरी कदम है। यह फैसला अमेरिका की इंडस्ट्रीज और वर्कर्स को प्रोटेक्ट करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस वजह से 2 अप्रैल को लागू होगी नई टैरिफ पॉलिसी,ट्रंप ने कहा, यह सिस्टम संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सही नहीं है और न ही कभी था, वे हम पर जो भी ड्यूटी लगाएंगे, हम उन पर शुल्क लगाएंगे, यदि वे हमें अपने मार्केट से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं डालते हैं, तो हम भी ऐसा ही करेंगे, इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ट्रैरिफ 2 अप्रैल से क्यों लागू किया जाएगा।ट्रंप ने मजाक तौर पर कहा कि पहले 1 अप्रैल से यह नीति लागू होने वाली थी, लेकिन इसे एक दिन आगे इसलिए टाल दिया गया कि इसे अप्रैल फूल न करार दिया जाए! बता दें कि ट्रंप की नई ट्रैरिफ नीति कनाडा, मैक्सिको, चाइना, यूरोपीय संघ और भारत सहित कई दिग्गज ट्रेड पार्टनर्स पर लागू होगी।












साथियों बात अगर हम रेसिप्रोसिल टैक्स से भारत को असर पढ़ने की संभावना की करें तो,बता दें कि अमेरिकी रेसिप्रोकल पॉलिसी का भारत पर गहरा असर पड़ेगा। इससे भारत के कई सेक्टरों को भारी नुकसान झेलने की आशंका है, दअसल, भारत अमेरिका को जेनेरिक मेडिसीन को एक्सपोर्ट करता है, जिससे भारत की दवा कंपनियों को मोटी आमदनी होती है, ऐसे में टैरिफ नीति से फॉमार्सुटिकल कंपनियों को भारी नुकसान होगा,इसके अलावा, आईटी सेक्टर पर भी गहरा नुकसान होने की उम्मीद है। ट्रंप यह कदम भारत की आईटी कंपनियों के लिए मुसिबत बन सकता है, इन्हें अमेरिका में प्रोजेक्ट्स मिलने में बांधा आएगी, इसके अलावा, ऑटोमोबाइल, मेटल सहित कई सेक्टरों को नुकसान होने की आशंका है। क्या होता है रेसिप्रोकल टैरिफ? रेसिप्रोकल टैरिफ का मतलब जब किसी देश को अन्य देश से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट पर समान टैरिफ चुकाना पड़ता है तो उसे रेसिपोकल टैरिफ कहा जाता है। समझने के लिएः मान लीजिए कि अगर अमेरिका भारत से ऑटो सेक्टर के सामान इंपोर्ट करता है और उसे 25 प्रतिशत का टैरिफ देना पड़ता है तो, भारत को भी अमेरिका से ऑटो सेक्टर के सामान इंपोर्ट करने पर 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने के पीछे का मकसद अमेरिका एक्सपोर्ट के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करना है, जो अप्रत्यक्ष रूप से उन पार्टनर देशों को भी संबोधित करता है, जो यूएस ट्रेड को असंतुलित करते हैं। नुमोरा ने एक कॉमन ट्रेंड को हाईलाइट करते हुए कहा कि अमेरिका से ट्रांसपोर्ट और एग्रीकल्चर सेक्टर के प्रोडक्ट इंपोर्ट करने पर बहुत ज्यादा टैरिफ है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 5 मार्च 2024 को ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस ट्रंप-2 शासन के प्रथम अधिवेशन के संबोधन में मुख्य 10 बातों की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल से भारत पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे 100 पेर्सेंट से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ 1 घंटे का भाषण दिया था।ट्रम्प ने भाषण की शुरूआत अमेरिका इज बैक, यानी 'अमेरिका का दौर लौट आया है' से की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले भाषण की 10 अहम बातें की (1) जैसे को तैसा टैरिफः 2 अप्रैल से जैसे को तैसा टैरिफ लागू होगा। दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी है। अगर कोई कंपनी अमेरिका में प्रोड्क्ट नहीं बना रही है तो उसे टैरिफ देना होगा। (2) यूक्रेन जंगः जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं (3) अप्रवासी मुद्दाः पिछले चार साल में 2.1 करोड़ लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। हमारी सरकार ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा बॉर्डर और इमिग्रेशन क्रैकडाउन शुरू किया है। (4) जो बाइडेनः बाइडेन अमेरिकी इतिहास के सबसे खराबराष्ट्रपति हैं। उनके कार्यकाल में हर महीने लाखों अवैध लोग देश में दाखिल हुए। उनकी नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी। (5) गोल्ड कार्ड वीजाः हम गोल्ड कार्ड वीजा सिस्टम लाने जा रहे हैं। यह ग्रीन कार्ड की तरह है, लेकिन उससे ज्यादा एडवांस है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी और कंपनियों को फायदा होगा। (6) पनामा नहर और ग्रीनलैंडः हम किसी भी तरह पनामा नहर पर कंट्रोल हासिल करेंगे। इसके साथ ही हम किसी भी तरह ग्रीनलैंड को अपने में शामिल करेंगे। हम वहां के लोगों की हिफाजत करेंगे। (7) इलॉन मस्क और ऊङ्गॠए: इलॉन मस्क के ऊङ्गॠए विभाग ने पिछली फेडरल सरकार के कई घोटालों को उजागर किया है।

# इस्लामिक प्राइमरी स्कूल पर चला बुलडोजर, प्रबंधक ने एसडीएम सदर पर लगाए अन्यायपूर्ण कार्रवाई के आरोप

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** संतकबीर नगर के तहसील खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम उसरा शहीद स्थित इस्लामिया प्राइमरी पाठशाला को प्रशासन द्वारा ध्वस्त किए जाने के बाद विवाद गहरा गया है। विद्यालय प्रबंधक ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को पत्र देते हुए उपजिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दुबे पर अवैध रूप से विध्वंस कराने का आरोप लगाया है और जिलाधिकारी से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

इस्लामिया प्राइमरी स्कूल के चेयरमैन मारूफ अहमद के अनुसार, यह विद्यालय विगत 65-70 वर्षों से संचालित है और यहां सैकड़ों छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस भूमि को लेकर पहले भी विभिन्न न्यायालयों में मुकदमे चले, जिनमें न्यायालय ने स्कूल के पक्ष में निर्णय सुनाया था।

मारूफ अहमद ने बताया कि इस भूमि को लेकर 1981 में जिला परिषद बस्ती द्वारा मुकदमा दायर किया गया था, जिसमें 1990 में स्पेशल जज बस्ती ने विद्यालय के कब्जे को वैध माना था। इसके बाद जिला परिषद द्वारा उच्च न्यायालय में अपील की गई, जो 2016 में खारिज हो गई। साथ ही, 2019 में तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने भी न्यायालय के आदेश को प्रभावी बताते हुए स्कूल के पक्ष में आदेश पारित किया था।

मदरसा प्रबंधक का कहना है कि विद्यालय की इमारत पुरानी और जर्जर हो चुकी थी, जिसके चलते उसकी मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान तहसील प्रशासन के कर्मचारी आए और मरम्मत कार्य को जबरन रोक दिया। बाद में 5 मार्च 2025 को उपजिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे के आदेश पर जबरन ध्वस्तीकरण कर दिया गया।

इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। विद्यालय प्रबंधन ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इस ध्वस्तीकरण को अवैध करार दिया है और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से बिना किसी पूर्व सूचना के की गई इस कार्यवाही की निष्पक्ष जांच कराने और विद्यालय के पुनर्निर्माण की अनुमति देने की अपील की है।

## बाइक व ई-रिक्शा में टक्कर, 03 घायल व्यक्तियों को भेजवाया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरबी 5994 को थाना बेलहरकला क्षेत्रान्तर्गत गोइठहा (बरईपुरवा) से कालर द्वारा बाइक व ई-रिक्शा में टक्कर हो जाने के कारण घायल 03 व्यक्तियों (1. उमेश चौधरी पुत्र बेनी प्रसाद 2. रमेश चौधरी पुत्र रामसूरत निवासीगण ग्राम सुपौली थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर 3.नूरजहाँ खातून पत्नी शकील अहमद ग्राम मैथवलिया खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर) के सम्बन्ध में सूचना दिया गया,सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायल व्यक्तियों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सीएचसी मेंहदावल भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना बेलहर कला को अवगत कराया गया । पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायलों को ईलाज हेतु सीएचसी मेंहदावल भेजवाया गया ।

# होली की तैयारियां शुरू, बनने लगे घरों में चिप्स व पापड़



वेलकम इंडिया

**माल, लखनऊ।** होली का त्योहार चिप्स और पापड़ के बिना फीका है। त्योहार की तिथि करीब आ रही हैं। तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। चिप्स, कचरी, पापड़ बनाए जाने लगे हैं। घरेलू कामकाजी सभी महिलाएं इसमें जुट गई हैं। पापड़ बनाने में कुछ महिलाओं ने मशीन की मदद ली तो बहुत सी महिलाएं पारंपरिक तरीके का इस्तेमाल कर रही हैं। त्योहार की खुशियां दोगुनी करने में जुटी हुईं हैं। होली की तैयारियों से छतें गुलजार हो गई हैं।

आपको बता दें कि चौदह मार्च को होली है।मौसम में उलटफेर से चिप्स, पापड़ बनाने की धीमी गति धूप खिलते ही तेज हो गई है। अधिकतर घरों में महिलाएं दूसरे काम छोड़ छतों पर पूरे दिन पर्व की तैयारियों में जुटी नजर आ रहीं हैं। छतों पर हंसी-ठिठोली के बीच माहौल खुशनुमा हो जा रहा है।

वर्तमान में रेडीमेड पापड़, चिप्स के दाम आसमान छू रहे हैं।20 रुपये किलो आलू मिल रहे हैं। ऐसे में आलू के पापड़ बनाए जाने में महिलाएं अधिक जोर दे रही हैं। बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

अधिकतर महिलाएं दूसरे कामों को छोड़कर पर्व की तैयारियों में जुटी छतों पर नजर आ रही हैं। छतों पर हंसी-ठिठोलों के बीच महौल खुशनुमा हो रहा है। चावल के आटे के पापड़, सूजी के पापड़, साबुदाने के पापड़ खूब बनाए जा रहे हैं।

# मासूम बच्चे भी रमजानुल मुबारक में इबादत के साथ रोजा रखकर अल्लाह पाक की बारगाह में दुआ मांगते हैं



**संतकबीरनगर।** माह रमजान को लेकर जहां बड़े बुजुर्गों में खुशी का माहौल है तो वहीं मासूम बच्चे भी रमजानुल मुबारक में इबादत के साथ रोजा रखकर अल्लाह पाक की बारगाह में दुआ मांगते हैं। क्षेत्र के बाघनगर बाजार निवासी जफर अहमद के पुत्र 7 वर्षीय मोहम्मद जफर तथा 8 वर्षीय अहमद जफर दोनों भाई पहले ही दिन से रमजानुल मुबारक का रोजा रख रहे हैं।घर के बड़े लोगों को देखकर इनके भीतर भी रोजा रखने का हौसला हुआ तो लगातार चल रहा है। दोनों भाई रोजा रखने के अतिरिक्त नमाज और कुरान पाक की तेलावत भी खूब करते हैं परिवारजनों ने बच्चों की हौसला-अफजाई की तथा मुबारकबाद दी?

# काशी की रंगभरी एकादशी और बाबा का गौना अद्भुत परंपरा: पंकज सीबी मिश्रा

वेलकम इंडिया

**वाराणसी कछवारोड़।** काशी में होली से पूर्व महादेव के साथ कई प्रकार की होली खेलने की अदभुद परंपरा है । मशाने की होली , रंगभरी एकादशी और बाबा का गौना अपने आप में अगाध श्रद्धा का धोतक है । यह बात मीडिया विश्लेषक और जनपद के पत्रकार पंकज सीबी मिश्रा ने कही । उन्होंने बताया कि गौना में महादेव श्रीराम की ससुराल बनी देवकिरीट धारण करेंगे जो कि मिथिलांचल से आयी विशेष देवकिरीट है । काशी में 10 मार्च को होने वाले रंगभरी एकादशी के उत्सव में मिथिला संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इस वर्ष शिव और गौरा अपने शीर्ष पर श्रीराम की ससुराल मिथिला में बनी देवकिरीट धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। गौरा के गौना के मौके पर निकाली जाने वाली पालकी यात्रा के दौरान बाबा विश्वनाथ और माता पार्वती देवी पार्वती के सिर पर मिथिला शैली का देवकिरीट सुशोभित होगा। यह देवकिरीट काशी में रहने वाले मिथिलावासीयों द्वारा खासतौर पर मिथिला से बनवा कर मंगाया है। पूर्व महंत डाक्टर कुलपति तिवारी के पुत्र पंडित वाचस्पति तिवारी ने बताया बाबा विश्वनाथ और माता गौरा के गौना के समय पहली बार काशी में रहने वाले मिथिलावासियों द्वारा मगवाये गये देवकिरीट शिव-पार्वती धारण करेंगे। मिथिलावासीयों की संस्था मैथिल सेवा समिति की ओर से संस्था के अध्यक्ष कौशल किशोर मिश्र शिवांजलि के संयोजक संजीव रत्न मिश्र को बुद्धवार को सौंपा। पंडित वाचस्पति ने बताया इस देवकिरीट की बनारसी जरी एवं सुनहरे लहरों से सज्जा नारियल बाजार के व्यापारी नंदलाल अरोड़ा करेंगे।

# इंडोनेशिया में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्मेलन

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** आईजीबी सुग्रीव स्टेट हिंदू यूनिवर्सिटी बाली,इंडोनेशिया एवं यायासन धर्म स्थापनम संस्था, इंडोनेशिया के सयुक्त तत्वावधान में इंडोनेशिया में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्मेलन आयोजित हुआ।

अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्मेलन में विदेशों में रामायण का प्रभाव और प्रासंगिकता विषय पर विशिष्ट वक्ता के रूप में बोलते हुवे प्रसिद्ध समाजसेवी, एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति यूएसए के संयोजक डॉ.इंद्रजीत शर्मा ने कहा कि रामायण भारतीय साहित्य का प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक ग्रन्थ है। मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्री राम के अद्भुत व प्रेरणादायक जीवन चरित्र आमजन के मन मस्तिष्क पर अमिट प्रभाव छोड़ता है।



रामायण का प्रभाव थाईलैंड,कंबोडिया,इंडोनेशिया, फिलीपींस में प्रभाव देखा जा सकता है।डॉक्टर इंद्रजीत शर्मा ने कहा रामायण ऐसा विशिष्ठ ग्रन्थ है जो भारतीय साहित्य में ही नहीं बल्कि विश्व साहित्य में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

इस अवसर पर रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 के पोस्टर का लोकार्पण कुलाधिपति प्रो. डॉ. गुस्ती नमुराह सुदीयाना , यायासन धर्म स्थापनम् के प्रमुख आचार्य डॉ. ई.मादे धर्मेयश, अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति यूएसए के संयोजक डॉ. इंद्रजीत शर्मा, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र के निदेशक डॉ.जवाहर कर्नावट, मणिबेन नानावटी महाविद्यालय, मुंबई के हिंदी विभागाध्यक्ष रविंद्र कात्यायन के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम में इंडोनेशिया - भारत के अनेक प्रबुद्धजन , विद्वान और बाली स्थित विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# धारा-24 के प्रकरणों का समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए: डीएम

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रायः जनता दर्शन में यह शिकायत प्राप्त होती है कि धारा-24 के प्रकरण पत्थर नसब हेतु राजस्व निरीक्षक के पास काफी दिनों से लम्बित है और उनके द्वारा जानबूझकर पत्थर नसब की कार्यवाही नहीं की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मा0 राजस्व परिषद स्तर से इस पर समीक्षा की जा रही है और यह निर्देश भी दिये जा रहे हैं कि धारा-24 के प्रकरणों का समयान्तर्गत निस्तारण किये जाए। माह मार्च एवं अप्रैल में गेहूं की फसल कट जायेगी, जिससे प्रत्येक तहसील में



लम्बित धारा-24 के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही कराया जाना आवश्यक है।

उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार तहसील स्तर पर धारा-24 के लम्बित प्रकरणों की सूची बनवाकर 05 दिवस में प्रस्तुत करें, जिससे माह मार्च एवं अप्रैल में फसल कटने के बाद तहसील स्तर पर लम्बित धारा-24 के प्रकरणों में पत्थर नसब की कार्यवाही पूर्ण हो जाए। इसके लिए आवश्यक है कि तहसील के प्रत्येक राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें कि उपलब्ध करायी गयी सूची के अतिरिक्त अब धारा-24 की कोई पत्रावली या प्रकरण उनके पास लम्बित नहीं है और उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के समस्त प्रकरणों का प्रत्येक दशा में पत्थर नसब की कार्यवाही समय से सम्पन्न करा ली जाय। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके बावजूद भी यदि जनता दर्शन में किसी तहसील की शिकायत प्राप्त होती है, तो उस तहसील के तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करायी जायेगी।

## घर में घुसकर मारपीट किया घायल, छह नामजद अज्ञात पर मुकदमा

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** खरगरामपुर गांव (मिजार्मुराद) में पूनम भारती के घर में घुसकर गांव के आधा दर्जनों से ज्यादा लोगो ने पूनम भारती को लाठी-डंडे व लात घुसो से बुरी तरह मारपीट घायल कर दिया घर में रखा सारा सामान तोड़फोड़ दिया।मारपीट से पूनम को गम्भीर चोट होने के कारण बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भर्ती करवाया गया।घटना बीते मंगलवार की बताई गई।पूनम के भाई जितेंद्र कुमार के तहरीर पर बुधवार की देर शाम मिजार्मुराद पुलिस ने खरगरामपुर गांव निवासी कमलेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, निलन कुमार, कार्तिके उर्फ अमन, लिल्ली समेत अज्ञात के खिलाफ धारा 191(2), 333, 115(2), 352, 324(4) व 351(2) तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

# डीएम और एसपी ने खुद बाइक में सवार होकर नशा मुक्ति अभियान और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** नशा मुक्ति अभियान और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई और पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर.घोडके ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया।

इस दौरान डीएम और एसपी ने बाइक रैली में एक ही बाइक पर सवार होकर आमजन को जागरूक किया। नगर में पहली बार डीएम और एसपी द्वारा बाइक में सवार होकर खुद लोगों को जागरूक करने की कार्यशैली की आमजनता ने भी भूरी भूरी प्रशंसा



की।जिलाधिकारी ने नशे के दुष्प्रभाव और सड़क सुरक्षा के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवन को भी समाप्त करता है और इससे बचाव के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए और यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। तहसील परिसर से शुरू हुई यह बाइक रैली गोमती पुल, एसबीआई तिराहा,सरयू पुल,पिंडारी रोड,आरे बाईपास और मंडलसेरा से होते हुए पुनः तहसील रोड पर संपन्न हुई। रैली में जिलाधिकारी ने खुद बाइक चलाकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया और बागेश्वर को नशा मुक्त करने का संदेश दिया। यातायात नियमों के पालन का महत्व बताते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा में लापरवाही जीवन के लिए खतरा बन सकती है। उन्होंने कहा कि बाइक रैली के माध्यम से नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।इस दौरान कई अधिकारी और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मी मौजूद थे।

# जिले में 252 दुकानों के लिए हुआ आवंटन

- नोडल अधिकारी के रविन्द्र नायक प्रमुख सचिव के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में हुआ आबकारी विभाग ई-लाटरी के माध्यम से दुकानों का चयन




वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद में विभिन्न श्रेणियों में शराब की 252 दुकानों के लिए 3002 आवेदन आए हैं, दुकानों के आवंटन के लिए ब्रहमादेवी स्कूल के हॉल में जिले के नोडल अधिकारी के रविन्द्र नायक प्रमुख सचिव के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में नामित सदस्य सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन मेरठ, जिला आबकारी अधिकारी की संयुक्त समिति ने जनपद की 243 देशी मदिरा दुकानों में से 241 दुकानों, समस्त 104 कम्पोजिट दुकानों,7 माडल शाप दुकानों समेत 254 दुकानों में से 252 दुकानों का व्यवस्थापन ई लाटरी के माध्यम से सकुशल संपन्न कराया गया। आबकारी विभाग ई-लाटरी के माध्यम से शराब की दुकानों (लाइसेंस) का आवंटन कर रहा है।

इसलिए लाइसेंस लेने वालों की संख्या बहुत अधिक है। जिले में 252 दुकानों के लिए 3002 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन दुकानों में कंपोजिट की 104 दुकानों के लिए 1515 फार्म, 141 देशी शराब की दुकानों के लिए 1402 और सात माडल शॉप के लिए 85 आवेदन आए हैं।

चयनित दुकानों को ई-लाटरी के माध्यम से आवंटित किया गया। सभी सफल आवंटियों का नाम माइक से बोल बोल कर पढा गया। आवंटी सूची को वेबसाइट https://hpur.nic.in पर भी अपलोड कर दिया गया है साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है । ई लाटरी का आयोजन श्रीमती ब्रह्मा देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर हापुड़ में कराया गया । कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी विभाग के निरीक्षकगण मौजूद रहे । जनपद में व्यवस्थापन हेतु शेष रह गयी 2 देशी मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन द्वितीय चरण में किया जाएगा जिसकी जानकारी विभाग के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकती हैं।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा उ0नि0 अनिल कुमार यादव, हे0का0 राणा प्रताप यादव, हे0का0 मोहन ने मु0अ0सं0 97/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस व 3(़)(५), 3(़)(५) एससी एसटी एक्ट थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता अकबर अली उर्फ सुड्डु पुत्र अहमद अली निवासी डिहवा थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को आज दिनाँक 06.03.2025 को डिहवा पुलिया तिराहा बैड़ारी रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया । विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 03.03.2025 को थाना धनघटा पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# एसएसवी उच्चतर महाविद्यालय में लगाया गया जागरूकता शिविर

वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी जी के कुशल निर्देशन एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में एस0 एस0 वी0 उच्चतर महाविद्यालय हापुड़ में ु.एं विभाग द्वारा आयोजित स्काउट एंड गाइड शिविर में क्षय रोग विभाग द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को क्षय रोग के लक्षण जैसे दो सप्ताह से अधिक की खांसी, खांसी में बलगम का आना, बलगम में खून का आना छाती में दर्द रहना हल्का बुखार रहना भूख कम लगना रात में सोते समय कमर में पसीना आना एवम्शरीर में गांठ इत्यादि हो जाना के विषय में बताया गया छात्र/छात्राओं को बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को इन लक्षण में से कोई भी



लक्षण आता तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर अपनी जांच कराएं सभी स्वास्थ्य केंद्र पर सभी जांच एवम्उपचार निःशुल्क उपलब्ध है व भारत सरकार द्वारा टी0 बी0 रोगियों को एक हजार रुपए प्रति माह निश्चय पोषण योजना के अंतर्गत दिया जाता हैं 1 जनवरी 2025 से 100 दिवसीय सघन टी0 बी0 खोजी अभियान समस्त उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसमें सभी उच्च जोखिम वाली जनसंख्या को स्क्रीन किया जा रहा है जिसमें जनपद की 20% आबादी को चयन किया गया है इन सभी 20% उच्च जोखिम वाली जनसंख्या को स्क्रीन कर इनके टेस्ट कराए जा रहे हैं

इस कार्यक्रम का समापन 24 मार्च 2025 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर किया जाएगा इस अवसर पर एस0 एस0 वी0 उच्चतर महाविद्यालय के बीएड विभाग के ळडऊ डॉ सुधीर कुमार शर्मा, डॉ कुलदीप कुमार शर्मा, डॉ सविता तनेजा, डॉ शिखा गोयल, डॉ सीमा शर्मा, डॉ रजनी अग्रवाल, डॉ वंदना वशिष्ठ व जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री प्रकाश शर्मा जी आदि उपस्थित रहे।

# अवैध नर्सिंग होम्स की जाँच नहीं किए जाने के विरोध में जिलाधिकारी कि गाड़ी के सामने लेट कर करेंगे विरोध करना था, जिला आधिकारी कार्यालय नहीं आए

वेलकम इंडिया



**झांसी।** बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार धडल्ले से कार्य कर रहे अवैध नर्सिंग होम्स के विरुद्ध सख्त कार्यवाही नही किए जाने पर जिला अधिकार की गाड़ी के सामने लेट कर प्रदर्शनकिए जाने का एलान किया गया था। मोर्चा अध्यक्ष जिला अधिकारी कार्यालय पर गाड़ी के सामने लेटना था पर जिला आधिकारी आज कार्यालय आए ही नही।

एक घंटे तक इंतजार करने के बाद पुनः 18 मार्च को प्रदेशन किए जाने की घोषण करते हुए भानू सहाय ने कहा कि बुन्देलखण्ड में धड़ल्ले से बिना नक्शा पास करवाए एवं गैर भू उपयोग वाली भूमि पर निर्माण कर अवैध नर्सिंग होम्स कार्य कर रहे है ।बिना अग्नि शमन की नर्सिंग होम के लिए बनी नियमावली के विपरीत मात्र छोटा सा यन्त्र लगवाकर अग्नि शमन विभाग अनुमति पत्र जारी कर रहा है। प्रदूषण विभाग को कोई लेना देना नही है कि चिकित्सीय अपशिष्ट को कैसे और कहां नष्ट किया जाए तथा नर्सिंग होम में प्रदूषण की स्तिथि कैसी है ये जांच की ही नहीं की जाती। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैसे अनुमति जारी कर अवैध नर्सिंग होम्स का संचालन करवा रहे है इन सभी गंभीर विषयों पर अनेक बार मुख्यमंत्री, मंडल आयुक्त एवं जिला अधिकारी से शिकायत करने पर जांच के नाम पर जांच करके शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर मोर्चा अध्यक्ष ने एलान किया कि एक हफ्ते बाद पुनः लेटूंगा और अधिकारियों के भ्रष्ट्राचार के खिलाफ कार्यवाही नही करते पर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का झांसी आने पर विरोध किया जायेगा।

संबंधित अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अव्हेलना कर अपनी जेब भरते है जिस कारण प्राइवेट नर्सिंग होम्स इतनी कमियों के बाबजूद धडेल्ले से कार्य कर रहे है। किसी भी बुंदेली को काल के आकाल मृत्यु में जाते हुये नहीं देख सकते हैं

## मौलाना ने गाड़ी सवार लोगों पर लगाया अपहरण के प्रयास का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला जन्नत कॉलोनी निवासी एक मौलाना ने कई लोगों पर जबरदस्ती गाड़ी में डालने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मारपीट की घटना पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी मौलाना इनाम पुत्र यामीन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित के पास जनपद बागपत के थाना दोघट क्षेत्र के गांव निरपुडा निवासी अमित नाम के व्यक्ति का फोन आया था। आरोप है कि अमित ने फोन पर बताया था कि मेरा कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। मौलाना तुम बचकर रहना। अमित के फोन के अगले दिन पीड़ित के फोन पर एक व्यक्ति ने फोन कर कहा कि मौलाना एक धागा पढवाना है, मदरसे से बाहर आ जाओ। आरोप है कि जैसे ही मौलाना इनाम मदरसे से बाहर निकले तो एक गाड़ी में सवार चार-पांच लोगों ने मौलाना के साथ मारपीट करते हुए जबरदस्ती गाड़ी में डालने का प्रयास किया।

# बाइक डिवाइडर से टकराई चाचा भतीजी घायल, गंभीर अवस्था में रेफर

वेलकम इंडिया





**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव पंजोखरा के निकट बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई बाइक पर सवार चाचा भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव सिलवर निवासी सोनू पुत्र जयप्रकाश अपनी भतीजी वंशी पुत्री अमरदीप के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बागपत जनपद के गांव सुरूरपुर में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। बृहस्पतिवार को मोटरसाइकिल सवार शादी समारोह संपन्न होने के बाद अपनी भतीजी के साथ वापस अपने गांव जा रहा था। जैसे ही मोटरसाइकिल सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव पंजोखरा के समीप पहुंचा तो अचानक से मोटरसाइकिल सवार का संतुलन बिगड़ गया और मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गई। मोटरसाइकिल पर सवार चाचा भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। डायल 112 पुलिस कर्मचारियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# दिल्ली की जीत पर काशी पहुंचे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी का सम्मान

वाराणसी



**मिजार्मुराद।** दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक, फिल्म स्टार भाजपा सांसद मनोज तिवारी का काशीवासियों की ओर से सम्मान एवं बधाई दी गई ।चितईपुर स्थित आवास पर बुधवार को पहुंचे सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने डेढ़ दशक में सरकार में रहते हुए चरम स्तर पर भ्रष्टाचार किया खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल के आधा दर्जन मंत्री विधायक भ्रष्टाचार में जेल गए। यह सरकार ₹आपदा₹ जैसी थी। जिसे दिल्ली जनता ने उखाड़ फेंका। आम आदमी पार्टी की सरकार में जो भी भ्रष्टाचार हुए है उसकी जांच होगी और भ्रष्टाचार करने वाले सलाखों के पीछे होंगे। उन्होंने दिल्ली की जीत को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि यह सब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करिश्माई व्यक्तित्व और उनके प्रति जनता का अटूट विश्वास रहा है। सांसद ने कहा बीजेपी की सरकार बनने के बाद दिल्ली का विकास अब तेज होगा और इसका रोडमैप तैयार है। इस मौके पर बीजेपी के मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्र, ओपी सिंह, प्रभुनाथ समेत अन्य मौजूद थे।

# देश की तरक्की के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की पॉलिसी को अपनाना होगा : सुशील बंसल

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि देश की तरक्की के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव की पॉलिसी को अपनाना होगा। इस अहम विषय को लेकर पूरे प्रदेश और देश में एक मत को तैयार करने का प्रयास करना होगा। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम के साथ जोडना होगा।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल गत देर रात्रि सेक्टर 8 में 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन एवं एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा के निवास पर समिति की अहम बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता,एक राष्ट्र एक चुनाव के हरियाणा संयोजक एडवोकेट विजय पाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि देश में अलग-अलग समय पर चुनाव होने पर बहुत ज्यादा खर्चा होता है। इससे देश की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रभाव पड़ता है और समय की बबार्दी के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों पर काम का भार ज्यादा हो जाता है। इन चुनावों में जब अधिकारी, कर्मचारी व्यस्त रहते है तो आम व्यक्ति के कार्य भी रूक जाते है। इतना ही नहीं विकास की गति भी एक दम रुक जाती है।इस देश में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक कानून लाने का काम किया और इसके लिए पूरे देश का जनमत तैयार करने के लिए अब तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूरे समाज का एक मत बने इसके लिए अब किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों के साथ-साथ हर वर्ग और आम नागरिक के साथ चर्चा और बैठकों का दौर चल रहा है। यह पॉलिसी देश के हित के लिए है, इसलिए इस विषय पर पूरी गंभीरता के साथ कार्य किया जा रहा है।

समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विकासोन्मुखी विचार है। लगातार चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती है। इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने समस्या आती है।इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। इस बैठक में राज्य संयोजक एडवोकेट विजय पाल ने भी अपने विचार रखे।

# वाहन चोर गिरोह के 6 सदस्यों को 10 चोरी की बाईक सहित गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशानिर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर चलाए जा रहे।सघन चेकिंग अभियान के दौरान पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने दतैडी मार्ग से भोजपुर गाजियाबाद निवासी गुलजार, पिलखुवा निवासी सुबोध, जोगिंदर, एवं दो नाबालिक को गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर नोएडा गाजियाबाद हापुड़ एवं आसपास के क्षेत्र से चोरी की गई।एक स्कूटी सहित 10 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया है। वही इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो नाबालिक सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से नोएडा हापुड़ गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी की गई ।एक स्कूटी सहित 10 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। वाहन चोर शातिर किस्म के वाहन चोर हैं।जिन पर नोएडा हापुड़ गाजियाबाद में दर्जनों वाहन चोरी के मुकदमे पंजीकृत है।

# मिशन कंपाउंड स्थित चर्चित मिठाई की दुकान पर एक ग्राहक ने लगाए दूषित मिठाई देने का आरोप



**झांसी।** मामला झांसी के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र मिशन कंपाउंड गेट के पास बनी एक चर्चित मिठाई की दुकान का है। जहां एक युवक का आरोप है कि बीते रोज उस मिठाई की दुकान से रसगुल्ले अपने परिवार के लिए लेकर गया था, मगर उस रसगुल्ले को खाने से किसी को उल्टी एवं किसी का पेट खराब हो गया। गुरुवार को जब वह युवक उस दुकान पर पहुंचा और दुकान मालिक से खबर मिठाई की शिकायत की तो दुकान मालिक ने कहा कि मैने कोई खराब मिठाई नहीं दी। इस दौरान पीड़ित ने डायल 112 और फूड विभाग की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची फूड विभाग की टीम ने सैंपल जांच के लिए भेज दिए है। अब रिपोर्ट आने के बाद ही उक्त दुकान पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में होली एवं रमजान माह त्यौहारों में शांति एवं कानून व्यवस्था के सुचारू संचालन के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तवंर की अध्यक्षता में जनपद में होली एवं रमजान माह के दौरान नमाज को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्योहारों को आपसी ताल-मेल, अमन पसंदी से भाई-चारें के साथ मनाने की अपील किया। उन्होंने जनपद के विभिन्न इलाकों में कानून व्यवस्था, बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरू एवं समिति के सदस्यों से फीडबैक प्राप्त करते हुए आवश्यकतानुसार सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में उपस्थित धर्मगुरू सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए सम्भ्रान्त नागरिकों ने प्रशासन के साथ अपने सामान्य परिचय के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में अमन चैन, आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारो को मनाये जाने की परम्परा की याद दिलाते हुए आगामी त्योहारो को भी मिल-जुल कर मनाये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने किसी भी समस्या अथवा शिकायत की दशा में तत्काल प्रशासन/पुलिस प्रशासन को सूचित करने की भी अपील की।शांति समिति की बैठक में आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया कि जनपद में होली का त्योहार दिनांक 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा और इसी दिन मुस्लिम भाईयों द्वारा रमजान माह में जुम्मे की नमाज भी अता की जानी है इसलिए आपसी सहमति से निर्णय लिया गया कि होली के दिन रंग खेलने का समय सुबह से अपरान्ह 01 बजे तक ही रहेगा एवं मुस्लिम भाईयों द्वारा अपरान्ह 02 बजे के बाद नमाज अता की जाएगी, जिसे सभी धर्मगुरूओं एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा सहर्ष स्वीकार करते हुए आपसी भाईचारें के साथ त्योहारों को मनाने हेतु आश्वस्त किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने उपस्थित धर्मगुरूओं/अन्य गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से जनपदवासियों को त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं आपसी समन्वयता के साथ मानने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग एक दूसरें की भावनाओं का आदर एवं सम्मान करते हुए अपने-अपने हिसाब से त्योहारों को मनाये।

उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आपसी भाई-चारें और सौहार्द के वातावरण में व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते हुए पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने विशेष तौर पर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाये जाने वाले अफवाहो पर ध्यान न देने तथा अपने स्तर पर ही इसे रोक देने की बात कही। उन्होंने सभी से पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी सम्भावित घटनाओं आदि बारे में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करे।

जिलाधिकारी ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्यौहारों को मनाये जाने के सम्बन्ध में पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागों को उनके कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के सापेक्ष अब तक की गयी तैयारियों के बारे में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से बिन्दुवार विस्तृत पूंछतांछ करते हुये आवश्कतानुसार दिशा-निर्देश भी दिये।

# अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी को लाठी डंडों से पीटा



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव अंबेहटा निवासी महिला ने अपने पति पर अवैध संबंधों का विरोध करने पर लाठी डंडों व बेल्ट से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव अंबेहटा निवासी शबनम पत्नी सद्दाम ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के पति सद्दाम के एक महिला के साथ अवैध संबंध है। पिछले कई दिनों से पीड़िता अपने पति को महिला से अवैध संबंध न बनाने के लिए समझा रही है। आरोप है कि पीड़िता का पति अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। गुरुवार को पीड़िता ने अपने पति को समझाने का प्रयास किया तो आरोप है कि पीड़िता के पति ने पीड़िता को लाठी डंडा और बेल्टों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराब होने पर आप पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। आरोप है कि पीड़िता का पति पीड़िता को तीन तलाक देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र को मिले जान से मारने की धमकी

**कांधला।** कस्बा निवासी एक छात्र को उसके दोस्त ने ही अपने साथियों से जान से मारने की धमकी दिला दी। पीड़ित छात्र के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बा निवासी एक छात्र शामली के एक कॉलेज में इंटर का छात्र है। छात्र के साथ ही क्षेत्र के गांव निवासी छात्र भी पढ़ाई करता है। कई दिन पूर्व पीड़ित छात्र के दोस्त ने पीड़ित छात्र का फोटो अपने अन्य दोस्तों को व्हाट्सएप पर भेज कर जान से मारने की धमकी देने के लिए कहा था। आरोप है कि आरोपी छात्र के कई दोस्त कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पहुंचे और शिक्षा ग्रहण कर शामली से वापस आ रहे छात्र को रोक लिया और जान से मारने की धमकी दे दी। पीड़ित छात्र ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी। सूचना पर पीड़ित छात्र का पिता मौके पर पहुंचा तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित छात्र के पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित छात्र के पिता की तहरीर मिली है। मामले की जांच पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## थाने पर आपस में भिड़े दो भाजपा नेता

**कांधला।** थाने पर किसी मामले को लेकर पहुंचे भाजपा के दो नेताओं के बीच जमकर गाली गलौज एवं कहासुनी हुई मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बृहस्पतिवार को थाने पर नगर निवासी भाजपा नेता एवं शामली जनपद निवासी भाजपा का वरिष्ठ नेता किसी मामले को लेकर थाने पर पहुंचा था। दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र को लेकर विवाद हो गया एक दूसरे ने जमकर आरोप प्रत्यारोप लगाए। कस्बा निवासी भाजपा नेता का कहना है कि वह उसके क्षेत्र में हस्तक्षेप करने के लिए आता है। जनपद निवासी नेता का आरोप है कि वह पीड़ितों को न्याय नहीं दिला रहे इसीलिए उन्हें जनपद से आने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दोनों भाजपा नेताओं के बीच जमकर गाली गलौज और कहासुनी हुई मौके पर दर्जनों लोग एवं पुलिसकर्मी भी जमा हो गए आसपास के लोगों ने दोनों का बीच बचाव कराया। भाजपा नेताओं के बीच हुई बहस का मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मुनिश्री विलोकसागर महाराज के ससंघ सान्निध्य में होगी महाअर्चना

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** महानगर के गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर में मुनिश्री शिवदत्तसागरजी महाराज (ससंघ) एवं मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज (ससंघ) के मंगल सान्निध्य एवं विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी नवीन भैया जी के मंत्रोच्चार निर्देशन में घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान प्रारम्भ हुआ। अष्टानिका पर्व के आठ दिन जैन श्रावक श्राविकाएं विशेष भक्ति पूजन करेगें।

इस अवसर पर सौभाग्यशाली मुख्य पात्रों का चयन हुआ। जिसमें सौधर्म इंद्र के रूप में श्रीमति अंशुल - जितिन जैन अछरौनी, मैना सुंदरी-श्रीपाल के रूप में श्रीमति मेघा - मुकेश जैन पारस हौजरी, कुबेर इन्द्र के रूप में श्रीमति मंजू - जितेन्द्र बाबू जैन शामयाना, महायज्ञनायक के रूप में श्रीमति रीता - प्रदीप जैन आदित्य (पूर्व केन्द्रीय मंत्री), महायज्ञनायक के रूप में श्रीमति रश्मि - गौतम जैन सुपाड़ी वाले को सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्रीमति रंजना - आलोक जैन विश्वपरिवार ने ध्वजारोहण कर सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पंचायत महामंत्री वरुण जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, करगुंवा तीर्थ मंत्री सिंघई संजय जैन, प्यावल मंत्री खुशाल जैन, सदस्य सुभाष चंद्र जैन बिजली, श्रावकश्रेष्ठि मनोज नायक, पुलक जन चेतना मंच मुख्य शाखा अध्यक्ष दिनेश जैन डीके, समाजसेवी जिनेन्द्र सर्राफ, रविन्द्र जैन चिरगांव, मनोज सिंघई, अलंकार जैन, देवेन्द्र जैन मगरपुर, विजय मिठ्ठया ने आचार्य भगवन्तों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। मुनि सेवा समिति के सदस्य अशोक जैन नगरा, आशीष जैन, नवनीत जैन सीपरी, कमलेश जैन कामरेड, प्रमोद जैन बब्बा, अशोक जैन बक्सा, दिनेश जैन, जिनेन्द्र जैन सोनू ने श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर नरेश जैन मल्लन, प्रदीप जैन चैनू, राहुल जैन माची, धर्मेंद्र जैन, जिनेन्द्र जैन राजहंस, अंकित सर्राफ ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमति प्रभा जैन, ममता जैन तालबेहट, सुधा सर्राफ, कल्पना जैन, चमेली जैन, दीप्ति जैन, पूनम जैन सहित सैंकड़ों सौभाग्वती महिलाओं ने मण्डप शुद्धि की मांगलिक क्रियाएं संपन्न की।

# टाण्डा में नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों की कवायद तेज

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर पालिका द्वारा नगर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू कराने के लिए कवायद तेज कर दी गई है। पालिकाध्यक्ष के दिशा निर्देशन में बृहस्पतिवार को अध्यक्ष प्रतिनिधि और नगर पालिका स्टॉफ ने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया।अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि नगर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए जाएंगे,जिसके लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

नगर पालिका बोर्ड के गठन के बाद से अपेक्षाकृत विकास न होना नगर में एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ था, जिसकी नगर में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा हो रही थी। लेकिन अब पालिका द्वारा नगर में चौतरफा विकास कार्य कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर सड़कों के निर्माण का काम तेजी से जारी है।पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने बताया कि नगर के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए विकास कार्यों का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

बृहस्पतिवार को पालिकाध्यक्ष के मार्गदर्शन में उनके प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम,प्रधान लिपिक धनीराम सैनी और जेई अविनेश कुमार तिवारी ने शीघ्र शुरू होने वाले आवश्यक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर पैमाइश आदि के काम को अपनी निगरानी में सम्पन्न कराया।हाजी सरफराज आलम ने बताया कि मोहल्ला दुलीवाला और मोहल्ला टन्डोली में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने से सड़कों या आसपास प्लॉटों में पानी एकत्र होता है।पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए उक्त स्थानों पर नाले-नालियों का निर्माण कराया जाएगा।इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज के पास जालपुर माइनर पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गयी है।उसका भी शीघ्र निर्माण कराया जाएगा।

नगर में लंबे समय से विकास कार्य न होने को लेकर जो चचाएँ हो रही थीं, अब उनका समाधान होते देखना सकारात्मक संकेत है। नगरपालिका द्वारा चौतरफा विकास कार्य शुरू करने की प्रक्रिया निश्चित रूप से नागरिकों के लिए राहतभरी खबर होगी।इससे न केवल नगर के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी सकारात्मक माहौल बनेगा।अध्यक्ष प्रतिनिधि के अनुसार नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों को बड़े पैमाने पर शीघ्र और प्रभावी ढंग से आरम्भ करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए नगर पालिका का अमला लगातार काम कर रहा है।

## थाना सिम्भावली पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह के आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे।अभियान को अमली जामा पहना हुए।सिम्भावली पुलिसके द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त अमन पुत्र अनिल कुमार निवासी मोहल्ला सरस्वती विहार कालौनी थाना टीपी नगर जनपद मेरठ को बढढा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।जिसकी जामा तलाशी लेने के दौरान उसके पास से एक अवैध नाजायज अवैध चाकू बरामद हुआ है। जिसको लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

# फर्जी अस्पतालों पर प्रशासन ने कसी नकेल , कई अस्पताल सील

वेलकम इण्डिया



**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र डुमरियागंज मे फर्जी अस्पतालों पर प्रशासन ने नकेल कसी। उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, सीएचसी बेवां अधीक्षक सहित थानाध्यक्ष ने गुरुवार को क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें अलहयात हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया है। जिसमें हॉस्पिटल खुला पाया गया, लेकिन कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। फामेर्सी खुला था, जिसमें दवा वितरण किया जा रहा रहा था।

वहीं नवजीवन पॉली क्लीनिक कोनकटी डुमरियागंज को सील किया गया।मौके पर हॉस्पिटल खुला पाया गया और दो स्टाफ उपस्थिति थे।डॉक्टर नहीं मिले और न ही कोई हॉस्पिटल सम्बन्धित डॉक्यूमेन्ट नहीं मिले, जिसके कारण उक्त हास्पिटल को सील कर दिया गया।f

नरीक्षण के दौरान आर0एस0 हॉस्पिटल, इकरा आई हॉस्पिटल व अंजली पॉलीक्लीनिक बन्द पाया गया। जिसके कारण इनको नोटिस दिया गया।

तीन कार्य दिवस के अन्दर समस्त अभिलेख लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवा उपस्थित हो।

# महाकुंभ संगम से लायें गयें पवित्र गंगाजल को एसपी ने श्रद्धालुओं मे बांटा





**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में महाकुम्भ मेला 2025 प्रयागराज के सफल आयोजन के उपरान्त महाकुम्भ न पहुंच पाने वाले पुलिस परिवार एवं आम जनमानस के लिए फायर टैंकर में लाये गये संगम के पवित्र गंगाजल को गुरुवार को वितरित किया गया। उत्तर प्रदेश के ऐसे जन-मानस जो महाकुंभ मेला-2025 प्रयागराज नहीं जा सकें, ऐसे श्रद्धालु गणों के लिए जनपद सिद्धार्थनगर में महाकुंभ संगम से पवित्र गंगाजल लाया गया है। अग्निशमन तथा आपात सेवा जनपद सिद्धार्थनगर के फायर टैंकर से साड़ी तिराहा पर गंगाजल वितरित किया गया। अमृत गंगा जल प्राप्त करने हेतु नागरिकों द्वारा अति उत्साह और श्रद्धाभाव से भाग लिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ, सदर क्षेत्राधिकारी अरुणकान्त सिंह, प्रभारी यातायात तथा फायर सर्विस व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप के लिए दोबारा फिर आवेदन पोर्टल खोला जाए: नरेश गुणपाल



**हरियाणा/हिसार।** आर टी आई एक्टिविस्ट नरेश गुणपाल ने राज्य सरकार एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा से पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप के लिए दोबारा फिर से आवेदन पोर्टल खोलने की मांग की है, उन्होने कहा कि आज भी गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार में दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से सत्र 2024-25 के ऑनलाईन प्रोग्रामों के ऑनलाईन दाखिले चल रहे हैं, लेकिन उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप का पोर्टल 20 जनवरी के बाद से ही बन्द किया हुआ हैं। उन्होनें कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का आपसी तालमेल नां होने की वजह से अनुसूचित जाति के गरीब विद्यार्थियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा हैं। इससे उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा एवं राज्य सरकार की मंशा का पता चलता है कि वह अनुसूचित जाति समाज के गरीब विद्यार्थियों का कितना भला चाहती है। उन्होने मांग की कि अनुसूचित जाति के गरीब विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए शीघ्र से शीघ्र पोर्टल को खोला जाना चाहिए।

# एसडीएम की छापेमारी मे दो अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर हुआ सील

वेलकम इण्डिया




**बांसी/सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जिले के बांसी तहसील में एसडीएम शशांक शेखर राय ने तिलौली और प्रतापपुर स्थित दो अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों को सील कर दिया है। यह कार्रवाई 5 मार्च 2025 को हुई, जब एसडीएम राय ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल/तिलौली के अधीक्षक राजीव रंजन के साथ एक टीम बनाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, तिलौली स्थित आकाश अल्ट्रासाउंड सेंटर और प्रतापपुर में पीसी मेमोरियल मैटरनिटी को अवैध पाया गया। दोनों सेंटरों के संचालक और कर्मचारी मौके से गायब थे, जिसके बाद दोनों अल्ट्रासाउंड सेंटरों की मशीनें सील कर दी गईं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब पीसी मेमोरियल अस्पताल की अल्ट्रासाउंड मशीन को एक बोलेरो गाड़ी से ले जाया जा रहा था, तो अधिकारियों ने उसे जब्त कर लिया और कोतवाली भेज दिया। एसडीएम शशांक शेखर राय ने इस कार्रवाई के बाद कहा, ₹इन अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ शिकायत मिली थी, जिसे जांच कर सच साबित किया गया। अवैध रूप से चलाए जा रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों के खिलाफ हमारा अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में कोतवाली पुलिस भी उपस्थित थी।

# नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद में सिविल डिफेंस फाउंडेशन कोर्स

वेलकम इंडिया



**मुरादाबाद।** नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद में ह्यसिविल डिफेंस फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स के चतुर्थ दिवस उपनियंत्रक नीरज चक ने स्वयं सेवकों को लेडर रस्सियां,रस्से एवं उनकी गांठों के प्रकार की जानकारी के बारे में विस्तार से बताया। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार ने वाडेनों को विभिन्न प्रकार कीआपदाओं पर स्टेचर लैंडिंग एवं लोडिंग एवं किस प्रकार एम्बुलेंस पर पहुंचना पर विस्तार से बताया।

इस अवसर पर प्रभारी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, डिविजनल वार्डन मोहम्मद खालिद स्टाफ अधिकारी डॉ शफीक अहमद,वसीम अंसारी, रामौतार वर्मा,पोस्ट वार्डन डॉ0 पूनम बंसल,सूरज प्रकाश,अहमद हुसैन,निमित जायसवाल,कमल किशोर गोला,एहसान उल हक कुरेशी, जसवंत कौर,इसरार हुसैन,संदीप जैन,नरेश कुमार शर्मा, कविता पांडेय, शबरेज आलम,नीतू सक्सेना,विनोद कुमार गुप्ता,दीप अग्रवाल,भव्य बंसल, उत्कृष्ट कुमार शकील अहमद आदि उपस्थित रहे।

# कलयुग का आगमन व कंदम ऋषि की कथा सुनाई

वेलकम इण्डिया



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर के पंडित दीनदयाल नगर उत्तर यादव डीह में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार रात कथावाचक पंडित सुरेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि किस प्रकार कलियुग का आगमन महाराज परीक्षित के मस्तक पर हुआ और कलियुग ने परीक्षित की मति को भ्रमित कर दिया था।उन्होंने अनेक उदाहरण देकर समझाया कि कलियुग केवल नाम आधरा, सुमिर-सुमिर नर उतरहिं पारा।

कलियुग के दोषों से बचने का साधन केवल भगवान नाम है। महाराज परीक्षित ने कलियुग के अत्याचार से पृथ्वी व धर्म की रक्षा किस प्रकार से की इत्यादि का वर्णन भी कथावाचक ने किया। साथ ही बताया कि कलियुग का वास आज भी द्यूत, मद्यपान, स्त्री संग, हिंसा और अन्यायपूर्ण कमाए हुए स्वर्ण व धन में होता है।ऐसा वरदान परीक्षित ने ही कलियुग को दिया था। उसी कलियुग ने महाराज परीक्षित से ऋषि का अपमान कराया और उनके पुत्र के श्राप से परीक्षित की आयु सात दिन शेष रह गई थी। कथा व्यास ने कर्दम ऋषि की कथा का वर्णन किया। कहा कि मनु महाराज की पुत्री देवहूति विवाह योग्य हुई तो उन्होंने भगवान से अच्छे वर की प्रार्थना की। तब भगवान ने उन्हें कर्दम ऋषि से विवाह करने के लिए कहा।

भगवान ने कर्दम ऋषि की तपस्या से प्रसन्न होकर कहा मैं तुमसे प्रसन्न हूं, क्योंकि तुम सृष्टि हेतु तप कर रहे हो। इस लिए तुम्हारा मनोरथ पूर्ण होगा। तुम महाराज मनु की पुत्री से विवाह करो। महाराज मनु अपनी पत्नी सतरूपा व पुत्री देवहूति के साथ कर्दम ऋषि के आश्रम पहुंचे। कर्दम ऋषि ने विवाह से पूर्व शर्त रखी जब देवहूति गर्भवती होंगी, मैं सन्यास लेकर वन चला जाऊंगा। माता शतरूपा ने पुत्री की ओर देखा उनकी मौन स्वीकृति से विवाह किया गया। देवहूति द्वारा पति की सेवा की गई जिससे कर्दम ऋषि ने वर मांगने को कहा, तब उन्होंने कहा आप वन को तब जाएं जब मुझे पुत्र प्राप्त हो। कर्दम ऋषि को प्रथम 9 संताने कन्या हुई 10 वीं संतान भगवान कपिल देव के रूप में प्राप्त हुई।

इस अवसर पर आयोजक रामदेव यादव, सूरशती देवी, पंडित मुनीन्द्र मणि शास्त्री, किशन पाठक, घनश्याम यादव, राम शंकर यादव, राधेश्याम यादव, मन्नू, बब्बू, मंशाराम यादव, जनकराम , लवकुश कश्यप आदि श्रद्धालु मौजूद रहें।

## छात्र-छात्राओं को यौन शोषण, बचाव व निषेध निवारण की जानकारी दी

**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरूड़ में छात्र-छात्राओं को यौन उत्पीड़न संबंधी जानकारी दी गई।

यौन उत्पीड़न निवारण व आंतरिक शिकायत समिति प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण, पोस्को अधिनियम 2013 विषय पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विविध जानकारियां दी गई। यौन उत्पीड़न निवारण समिति की संयोजक डा. लता आर्या ने पोस्को अधिनियम को परिभाषित करते हुए छात्र-छात्राओं को यौन उत्पीड़न सम्बंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। अध्यक्षता प्रभारी डा. अवधेश तिवारी ने की। इस दौरान डा. श्वेता पंत, उर्वशी टम्टा, रोहित पांडे आदि मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने ली जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति और जिला सलाहकार एवं समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति और जिला सलाहकार एवं समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक हुई। बैंक की नई शाखाओं की स्थापना,वित्तीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ऋण वसूली पर व्यापक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने पर्यटक स्थल खाती गांव में बैंक शाखा खोलने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।बैंकर्स के साथ आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने अग्रिम जमा अनुपात कम होने पर नाराजगी व्यक्त की और इसे बढ़ाने के लिए कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने इसके लिए मॉनिटरिंग एक्शन प्लान तैयार करने को कहा। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना,दीनदयाल होम स्टे योजना,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि, मुद्रा योजना,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि ऋण जैसी योजनाओं पर चर्चा की गई।डीएम ने स्टार्टअप इंडिया और मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने पर बल दिया।जिलाधिकारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए सभी बैंकर्स और संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित करने को कहा।

किसानों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के तहत अधिक लाभ प्रदान करने पर जोर दिया गया ताकि उन्हें सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने सरकारी योजनाओं के तहत बैंकों में लंबित आवेदन पत्रों को तेजी से निस्तारित करने और पात्र लाभार्थियों के ऋण वितरण में तेजी लाने के साथ ही आवंटित लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने के कड़े निर्देश सम्बंधित विभागों को दिए।

जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को संयुक्त देयता समूह के तहत ऋण वितरण के मासिक लक्ष्य निर्धारित करने और योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने मिलेट्स (मोटे अनाज) के बढ़ते बाजार और इसकी मांग को देखते हुए इसके उत्पादन,ग्रेडिंग, और पैकेजिंग पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा प्रदान किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

# सीडीओ ने ढिढुई में सागर तालाब का किया लोकार्पण

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** जलागम विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत दिनांक 05 मार्च को डब्लूडीसी-2 आसपुर देवसरा में वाटरशेड विकास यात्रा निकाली गयी जिसमे भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम कार्यालय प्रांगण से उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रथम पाली में माइक्रोवाटरशेड-ढिढुई के ग्राम ढिढुई में सागर तालाब पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां जल कलश यात्रा के साथ-साथ प्रभातफेरी भी निकाली गयी। इस प्रभात फेरी में विभिन्न स्लोगनो जैसे भूमि को लौटाये जल-सुरक्षित करें कल, जन जन तक ये पहुँचाना है-जल को हमे बचाना है, मिट्टी नही बचाओगे-तो अनाज कहां उगाओगे, बारिश का पानी कुदरत का वरदान-वाटरशेड यात्रा बहुत बड़ा अभियान, जनहित में यह सूचना जारी-जल संरक्षण की करो तैयारी आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने सागर तालाब का लोकार्पण एवं वृक्षारोपण भी किया। सीडीओ ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये हरित क्रान्ति के लिये वृक्षारोपण करने का आवाहन किया गया। केतकरपुर में तालाब जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन किया गया।

इसी प्रकार द्वितीय पाली में कबीरपुर तालाब पर वाटरशेड यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी जिसमें मुख्य रूप से पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी द्वारा जल बचाओ एवं पेड़ लगाओ अभियान के तौर पर कृषकों को जानकारी दी गयी तथा समन्वयक भूमि एवंज ल संसाधन विभाग जितेन्द्र मणि त्रिपाठी ने तालाब जीर्णोद्धार के बारे में बताया तथा परियोजना के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

आयोजन को सफल बनाने में राम बचन अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, राकेश कुमार निषाद सहायक विकास अधिकारी समाज कल्ण एवं डा0 अनुराग यादव पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अपने-अपने विभाग की लाभार्थी परक योजनाओं की जानकारी दी गयी। भूमि संरक्षण अधिकारी/परियोजना प्रबन्धक चमन सिंह द्वारा लोगों को योजना की जानकारी दी गयी एवं जल शपथ दिलायी गयी।

वाटरशेड विकास टीम की तरफ से अरविन्द कुमार सिंह, तिलक सिंह, राजेश कुमार सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए एवं आशीष कुमार यादव, दिनकर सिंह अवर अभियन्ता तथा लाल कुंवर तिवारी, गौरव श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रताप, ध्रुव कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी तथा विमलेश मौर्य, प्रेमनाथ वर्मा, राजेश रावत, बृजेन्द्र कुमार प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी ने वाटरशेड यात्रा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# शिविर का छठा दिन साक्षरता दिवस के रूप में मनाया गया

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिविर का छटा दिन साक्षरता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरजीत सिंह ने स्वयंसेवक /सेविकाओं द्वारा बस्ती में जाकर महिला और बुजुर्गों को साक्षरता का महत्व समझाया/

स्वर्गीय दिलावर सिंह मेमोरियल शिक्षा समिति के निदेशक डॉ अनुज कुमार ने बताया की 1967 से अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस आईएलडी का वार्षिक समारोह 8 सितंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है ।ताकि नीति निमार्ता चिकित्सकों और जनता को अधिक साक्षर,न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाज बनाने के लिए साक्षरता के महत्वपूर्ण महत्व की याद दिलाई जा सके।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए का कि भारत की सर्वप्रथम शिक्षक महिला सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित नया गांव में हुआ था। महज 9 साल की उम्र में ज्योतिबा फुले से इनका विवाह हुआ उस समय ज्योतिबा फुले भी महज 13 साल के थे। शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर डॉ सूर्य प्रताप, रूबी शर्मा, सौरभ वर्मा, रियान अनवर, गीतांशु चौधरी, लक्ष्य कुमार, गजेंद्र कुमार, स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।

# रुदौली की संस्कृति से जुड़ा एक और अध्याय

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** राम मंदिर से लगभग 70 किलोमीटर दूर अयोध्या के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में गोमती के तट पर घने जंगलों में विराजमान मां कामाख्या के दरबार में सात दिवसीय कामाख्या धाम महोत्सव का आज आगाज हुआ,राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मां कामाख्या धाम महोत्सव का उद्घाटन किया और मातृ शक्तियों के साथ दुर दुरिया कार्यक्रम में शरीक हुई, इस दौरान अपर्णा यादव ने कहा कि यह एक अच्छा महोत्सव है और सनातन धर्म से जुड़े जो छोटे-छोटे पूजन पद्धति है ये सनातनी परंपरा की पहचान है, यह महोत्सव का अच्छा उदाहरण है, दूर-दूर से गांव की रहने वाली महिलाएं आज इस कार्यक्रम में शरीक हुई है,अपर्णा यादव ने कहा कि इस महोत्सव को प्रदेश में और ऊंचाई मिले, उत्तर प्रदेश सरकार से मैं अनुरोध भी करूंगी कि कामाख्या धाम के सुंदरीकरण के लिए धनराशि आवंटित करें, यह एक रमणीक स्थल है,भगवान राम ने भी देवी भक्ति की है,भगवान राम हमारे इष्ट हैं, भारत का चरित्र राम है,भारत का आधारशिला राम है,माँ कामाख्या धाम महोत्सव न्यास के मुख्य संरक्षक व रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने अपर्णा यादव का आभार जताया और कहा कि अवध की संस्कृति में आज से एक नया अध्याय जुड़ गया।आज बहुत ही सौभाग्य का दिन है माँ के धाम धाम की चर्चा प्रदेश ही नही बल्कि पूरे देश मे होती है।भोजपुरी के सुपरस्टार गायक अभिनेता पवन सिंह भी आज पहले दिन रात में अपने गीतों से शमा बांधेगे, दरअसल ये महोत्सव आज 6 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा जिसमे नेशनल स्तर की कुश्ती की प्रतियोगिता और धर्म कला संस्कृति संगीत परंपराओं का समागम होगा, धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही विचार विमर्श के सत्र भी आयोजित होंगे, मां कामाख्या धाम न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार जताया। न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व बुके भेट कर सम्मानित किया।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि माँ कामाख्या धाम महोत्सव में आप सब के बीच में मैं पहुची ये मेरा सौभाग्य है क्योंकि ऐसा सौभाग्य कभी कभी ही प्राप्त होता है कि एक साथ इतनी सारी माताओ बहनों का आशीर्वाद प्राप्त हो हमारी अयोध्या की परंपरा है कि शुभ कार्य के शुभारंभ से पहले अवसान मईया का पूजा किया जाता है जिसमे सुहागिन महिलाएं पूजा अर्चना करती है।आज इस महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व हजारो मातृशक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुई है इस मौके पर मां कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष व न्यास के संयोजक शीतला प्रसाद शुक्ला भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित,ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव तेज तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रताप यादव सामाजिक कार्यकर्ता आलोक यादव भवानीफेर मिश्रा बब्बन शुक्ला कप्तान गिरी,राजेश वर्मा,कृष्ण सागर पाल,सचिन कसौधन, पंकज यादव,राजू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# कामाख्या धाम महोत्सव के उद्घाटन पर कामाख्या धाम पहुंची अपर्णा यादव



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र अंतर्गत मां कामाख्या धाम महोत्सव के उद्घाटन पर कामाख्या धाम पहुंची अपर्णा यादव ने राम मंदिर आतंकी साजिश, अबू आजमी का औरंगजेब प्रेम और महाकुंभ को लेकर भी दिया बयान।राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश पर बोली अपर्णा यादव, कहा लोग सीएम योगी के नाम से डर जाते हैं, आतंकवाद राम मंदिर को छू नहीं सकता, गुंडे बदमाश आतंकवादी सभी योगी के नाम से डर जाते हैं, कोई भी आतंकवादी अयोध्या नहीं पहुंच सकता।औरंगजेब की तारीफ करने पर अबू आजमी पर भी बोली अपर्णा यादव, कहा औरंगजेब अबू आजमी के खुदा हो सकते हैं मुसलमान के नहीं।महाकुंभ की किया तारीफ, कहा महाकुंभ का सफल समापन हुआ, संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी सनातन का बड़ा पर्व माना है, यूनेस्को ने भी कहा है यह मानवता का महाकुंभ है, पीएम मोदी और सीएम योगी की सोच की वजह से आज हम सभी लोगों ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई है, हम दोनों लोगों के सामर्थ्य को प्रणाम करती हूं जिनकी वजह से सनातन धर्म का इतना विस्तार हुआ है।

# आपसी सौहार्द भाईचारा के साथ मनाये पर्व : एसपी ग्रामीण

वेलकम इंडिया




**रुदौली अयोध्या।** कोतवाली रुदौली प्रांगण मे आगामी रंगो का पर्व होली तथा ईद पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी के नेतृत्व मे पीस बैठक आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने कहा की अपने पर्व को गंगा जमुनी तहजीब, आपसी सौहार्द, व भाईचारा, गंगा जमुनी तहजीब के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाये।रंगो का पर्व होली मे हुढ़दंग या उत्पात ना करे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें जिससे जिम्मेदारी को निर्वाहन कर सके।रमजान सब्र का महीना है लोग शांति पूर्व मुस्लिम भाई अपनी मस्जिद मे जा कर नमाज अदा करें।तो वही सीओ रुदौली आशीष निगम ने तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के बारे मे सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी अनजान नंबर से ओटीपी से या बैंक से संबंधित कोई भी मेसेज आये तो उसपर उत्तर न दे उससे बचने का कार्य करे।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रुदौली संजय मौर्य,शुजागंज चौकी प्रभारी शंकर लाल यादव, भेलसर चौकी प्रभारी मनीष द्विवेदी, हरिशंकर यादव,कांस्टेबल मो ताहिर खा, कुश कुमार, आशीष यादव, रामकिशुन यादव सहित समस्त पुलिसकर्मी, प्रधान गण,समस्त नगर व ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# इंडियन ओवरसीज बैंक के विजिलैंस आफिसर की गाडी पर हुई फायरिंग

**मेरठ।** इंडियन ओवरसीज बैंक के विजिलैंस आफिसर पर लगभग एक पखवाडे के भीतर अज्ञात लोगों ने जान से मारनेकी नीयत से दो बार फायरिंग की जिसमें वह बाल बाल बच गए।एसएसपी मेरठ व सहारनपुर से शिकायत करने पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। इन घटनाओं को लेकर विजिलैंस आफिसर दहशत में हैं।रिठानी निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र लखपत सिंह मंगलपांडे नगर स्थित इंडियन ओवसीज बैंक में विजिलैंस आफिसर के पद पर तैनात हैं और वह मेरठ सहित सहारनपुर, बरेली, आगरा, मुरादाबाद,पीलीभीत,मथुरा व शाहजहांपुर की बांचों में होने वाली खामियों की जांच पडताल करते हैं।25 फरवरी 2025 की शाम सात बजे जब जितेंद्र कुमार अपनी टोयटा की ग्लेंजा गाडी से शताब्दीनगर के पिंक बूथ के पास पहुंचे तो दो बाइक सवार युवकों ने इनकी गाडी पर फायर झोंक दिया।फायर होते ही इंहोंने गाडी दौडा दी।इसके बाद एक मार्च 2025 को ऐसी ही घटना उनके साथ सहारनपुर में घटित हुई,लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई।

# होली पर देशभर की फिजा में बिखरेगा हाथरस का रंग-गुलाल, 9 दशकों पुराना है हाथरस का रंग और गुलाल का कारोबार


वेलकम इंडिया



**हाथरस.** बहुचर्चित हाथरस कांड से उबरने के बाद हाथरस एक बार फिर से देश की फिजा में होली के रंग बिखेरने को तैयार है। यूं तो होली पर देशभर में जगह-जगह रंग गुलाल बनाया और बेचा जाता है, लेकिन हाथरस के गुलाल की बात ही कुछ खास है। क्योंकि हाथरस का रंग गुलाल उद्योग लगभग 9 दशक पुराना है। जानकार बताते हैं कि एक समय ऐसा था, जब गुलाल सिर्फ हाथरस शहर में बनता था। यहां के गुलाल की सप्लाई होली से कई महीने पहले ही देशभर में शुरू हो जाती थी।

बता दें कि हाथरस में फिलहाल दर्जनभर से अधिक रंग और गुलाल बनाने की फैक्ट्रियां हैं और करीब आठ हजार लोग रंगों के इस कारोबार से जुड़े हैं। पिछले कई महीनों से यहां रंग गुलाल बनाने का काम चालू है। जिसे ऑर्डर के अनुसार सप्लाई किया जा रहा है। रंग गुलाल से जुड़े एक कारोबारी ने बताया कि हाथरस में अधिकांशतः गुलाबी, हरा, लाल, केसरिया और पीले रंग का गुलाल बनाया जाता है। गुलाल बनाने के पंजाब, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश से कच्चा माल आयात किया जाता है। उन्होंने बताया कि हाथरस में मूल रंग नहीं बनाया जाता है। यहां स्टार्च और डैक्सट्रीन पाउडर के बेस से रंग तैयार करते हैं। इसके बाद फैक्ट्रियां अपने मार्का के साथ बाजार में बेचती हैं।एक उद्यमी ने बताया कि होली पर तकरीबन सभी शहरों में हाथरस के रंगों की खासी डिमांड रहती है। देश की राजधानी दिल्ली और फिल्म सिटी मुंबई के बड़े दुकानदार भी हाथरस से ही गुलाल मंगाते हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के सभी शहरों के अलावा हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड समेत सभी राज्यों में हाथरस के गुलाल की अच्छी खासी डिमांड रहती है, इसलिए कारोबारियों ने कम माल ही बनवाया है। रंग गुलाल कारोबारियों का कहना है कि यहां के रंग उद्योग को सरकार की तरफ से कोई प्रोत्साहन नहीं दिया जाता है। टैक्स में छूट मिले तो यह उद्योग उबर सकता है। रंग कारोबार में सबसे बड़ी समस्या बिजली संकट, माल के परिवहन और लेबर की है।

# चलती कार बनी आग का गोला,लगा भीषण जाम



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** लोहिया नगर थाना बिजली बंबा बाईपास पर गुरुवार देर शाम को टोयटा की ग्लैंजा कार में अचानक से शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कार चालक ने कार से धुआं उठता देख कार से कूदकर अपनी जान बचाई। कार में आग लगने की सुचना पर मौके पर पहुॅची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन गाडी जलकर राख हो गई।

मोदीनगर निवासी मंयक कुमार शास्त्रीनगर में अपने आफिस से निकल कर रोजाना की तरह अपने घर के लिए जा रहे थे जैसे ही बिजली बंबा बाईपास स्थित जुर्रानपुर गांव के सामने पहुॅचे तभी उनकी कार से अचानक धुए के साथ कार के इंजन में आग में आग की उंची उची आग की लपटे निकलता देखकर मंयकने कार की रफतार कम कर ली और गाडी से कूदकर उसने अपनी बामुश्किल अपनी जान बचाई। इस दौरान बिजली बंबा बाईपास पर भीषण जाम लग गया। कार में आग लगने की सुचना पर मौके पर पहुॅची फायर बिग्रेड की गाडी भी जाम में फंस गई पुलिस कर्मियो ने वाहनो को साईड कराने के बाद फायर बिग्रेड की गाडी को भेजा फायर बिग्रेड की गाडी ने आग परकाबू पाने का काफी प्रयास किया लेकिन तब तक कार जलकर पुरी तरह से जल चुकि थी। फायर बिग्रेड के अधिकारियो का कहना है की शार्ट सर्किट से कार में आग लग गई है जिससे कार पुरी तरह से जलकर गई है।

# लुधियाना से श्रमिकों को लेकर हरदोई जा रही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलटी 15 लोग घायल टला बड़ा हादसा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ने पर पलट गई।जिसमें 15 लोग घायल हो गए गमीनत रही की एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सभी भाइयों को पुलिस ने आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को दूसरे वाहनों में बिठाकर पुलिस ने उनके गणतंवय के लिए रवाना किया।आपको बता दें कि एक बस संख्या यूपी 35 सी टी 0339 होली पर्व के मद्देनजर लुधियाना के ट्रांसपोर्ट नगर से लगभग 73 श्रमिकों यात्रियों को भरकर हरदोई और उन्नाव के लिए जा रही थी। जैसे ही सिंभावली थाने के गेट पर पहुंची। तभी बस चालक सत्य राम बस से अपना नियंत्रण खो बैठा। और बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। बस के पलटते ही बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सिंभावली पुलिस में तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल चालक सत्यराम, परिचालक अब्दुल पुत्र आरिफ हुसैन,अंजलि पत्नी सुरेश, सरस्वती निवासी खड़ी थाना बांगरमऊ उन्नाव, दीपक अर्चना सूरज ममता, उर्मिला, कालिंद्री, विपिन कुमार, निवासी हरदोई चुन्नीलाल, अनुराग निवासी अतरौली सहित लगभग डेढ़ दर्जन घायल पीड़ितों को आनंन फानन में बाहर निकाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। और हाइड्रा क्रैन की मदद से की मदद से बस को सीधा करा कर यातायात को सुचारू कराया।

# पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उत्साहवर्धन हेतु धर्मेन्द्र यादव को प्रदत्त मेडल पहनाकर सम्मानित किया

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़/** जालंधर (पंजाब) में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस पायलट टी-20 टूनामेंट में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम में जनपद हापुड़ से प्रतिभाग करने वाले है०का० धर्मेन्द्र यादव द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करने वाले होनहार हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव को पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा उत्साहवर्धन हेतु प्रदत्त मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

# विकास के नए आयाम गढ़ रही है प्रदेश सरकार : बिष्ट

वेलकम इंडिया

**गरुड़।** टैक्सी स्टैंड के पास मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूमि पूजन करते हुए दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के नए आयाम गढ़ रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री बिष्ट ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गरुड़ में वर्ष 2021 में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की घोषणा की थी। उन्होंने घोषणा पूरी करने पर सीएम का आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि विधायक पार्वती दास ने कहा कि प्रदेश सरकार जो कहती है, उसे पूरा करती है। गरुड़ के प्रत्येक गांव आज सड़क से जुड़ चुका है। अब गांव के तोकों को सड़क से जोड़ा जाएगा। प्रशासक हेमा बिष्ट ने कहा कि पार्किंग बनने से अब जाम की समस्या से निजात मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा ने सभी का स्वागत किया। पूजन पंडित हेम लोहुमी ने संपन्न कराया।कार्यदायी संस्था ब्रिडकुल के एई मंजीत देशवाल ने कहा कि 2217.90 लाख की लागत से पांच मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, टैक्सी यूनियन के संरक्षक महेश बोरा, अध्यक्ष कुंदन भंडारी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील दोसाद,दिनेश बिष्ट,इंद्र सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह किरमोलिया,हेम वर्मा,ललित प्रसाद, कमल पंत,जेई हिमांशु शर्मा, रोशन समेत टैक्सी चालक आदि मौजूद थे।



# निवोक अस्पताल का उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने फीता काटकर किया शुभारंभ




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यहां कहा कि प्रदेश के सभी वर्गो की जनता के स्वास्थ्य की चिंता करना सरकार का नैतिक दायित्व है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के हेल्थ सेक्टर में बड़े कदम उठाए गए हैं। उत्तर प्रदेश 35 सरकारी तथा 30 निजी क्षेत्र के मैडिकल कालेज संचालित हैं। ब्रजेश पाठक गुरूवार को यहां दिल्ली-मेरठ मार्ग पर नवनिर्मित निवोक सुपर स्पेश्लिटी हॉस्पिटल के उदघाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्तारूढ़ से पूर्व उत्तर प्रदेश में केवल 17 मैडिकल कालेज कार्य करने लगेंगे। भयमुक्त सुशासन- डिप्टी चीफ मिनिस्टर ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश की जनता भयमुक्त सुशासन में सांस ले रही है, क्योंकि लगभग सभी संगठित माफियाओं एवं कुख्यात अपराधियों का सफाया हो चुका है। योगी जी के कड़े रूख के चलते अब अपराधी अपराध करने से पूर्व दस बार सोचेगा। ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार सर्व वर्गीय हितैषी सरकार हे। 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गो के लिए निःशुल्क इलाज की गारंटी है। सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। हम सभी का दायित्व है कि इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ निचले पायदान वाले पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं के हितों में भी योगी सरकार कार्य कर रही है। गन्ना उत्पादकों-किसानों को समय से उनके गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। इस संबंध में प्रदेश की चीनी मिलों के प्रबंधकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। गरीबों के लिए अपने द्वार सदैव खोले रखें- नवनिर्मित हॉस्पिटल के संचालकों- निदेशकों से ब्रजेश पाठक ने आग्रह किया कि गरीबों की सेवा सच्ची ईश्वरीय पूजा है। अतः वे अपने द्वार सदैव गरीबों व साधनहीन रोगियों के लिए खुले रखें। उन्हें निराश न लौटाएं। उनके चेहरे पर मुस्कान लाएं। कपिल देव- प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चहुमुखी विकास हो रहा है। कानून व्यवस्था पूर्व वर्ती सरकारों की अपेक्षाकृत काफी सुदृढ़ है। उत्तर प्रदेश में महाकुंभ की अभूतपूर्व सफलता योगी सरकार के सुशासन व सुव्यवस्था का ही परिणाम है। इस मौके पर निवोक अस्पताल के चेयरमैन अमित शर्मा, डायरेक्टर अतुल वर्मा, वाइस चेयरमैन सचिन अहलावत, मैडिकल डायरेक्टर डा0 मानिक गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान, क्षेत्रीय विधायक मंजू शिवाच आदि।

# सुंदरम साहित्य संस्थान एवं चारु काव्यांगन के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया




**लखनऊ -साहित्यिक अनुष्ठान!** सुंदरम साहित्य संस्थान एवं *चारु काव्यांगन*के संयुक्त तत्वावधान में काव्य समारोह पुस्तक मेला, रवींद्रालय चारबाग, लखनऊ में विधिवत सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ गजलकार आदरणीय नरेंद्र भूषण ने की। मुख्य अतिथि साहित्य भूषण आशु कवि कमलेश मौर्य ३मृदु३ जी एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ गजलकार डॉ सुनील कुमार शुक्ला , अति विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रविन्द्र नाथ तिवारी जी , राष्ट्रीय शायर श्री हरिमोहन वाजपेयी ३माधवर३ एवं मुनेंद्र शुक्ल जी रहे। कार्यक्रम का संचालन रेनू द्विवेदी( चारु काव्यांगन संस्थाध्यक्ष) द्वारा किया गया। काव्य समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के बाद राजीव वर्मा वत्सल की सुमधुर वाणी वन्दना से हुआ। उसके पश्चात बांसुरी वादन राजीव वत्सल द्वारा किया गया जिसे सुनकर सभी लोग मंत्र मुग्ध हो गए। काव्य समारोह में उपस्थित सभी काव्य मनीषियों का स्वागत विनोद कुमार द्विवेदी ने किया। अपनी गरिमामई उपस्थिति व काव्यात्मक प्रस्तुति से जिन जिन विद्वतजनों, काव्य मनीषियों ने काव्य समारोह को ऊंचाइयां प्रदान की उनमें नरेंद्र भूषण, साहित्य भूषण कमलेश मौर्य ३मृदु, डॉ सुनील कुमार शुक्ला , रविन्द्र नाथ तिवारी हरिमोहन वाजपेयी ३माधवर३,डॉ निर्भय नारायण गुप्त,राजीव वर्मा वत्सल ,विजय तन्हा , मृगांक श्रीवास्तव , संजय हमनवा ,हरगोविंद यादव ,नीतू सिंह चौहान ,नीतू गुप्ता ,गायत्री जोशी ,अलका अस्थाना जी,उमा लखनवी ,स्वाति मिश्रा ,अतुल वाजपेयी ,कीर्ति बानी, विनोद कुमार द्विवेदी आदि। समारोह के अंत में पधारे काव्य मनीषियों का आभार व्यक्त स्वाति मिश्रा ने किया।

# महिला पंजाबी संगठन की सदस्याओं ने एसडीएम से शिष्टाचार भेंट की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** महिला पंजाबी संगठन, मोदीनगर की सदस्याओं ने उपजिलाधिकारी डॉ पूजा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक में महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नय्यर, गीता मोहन अरोड़ा, हर्षिता चौधरी , अंजलि सचदेवा, उपस्थित रहीं। संगठन की ओर से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विभिन्न मुद्दे उठाए गए और समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा हुई। डॉ.एसडीएम पूजा गुप्ता ने संगठन के प्रयासों की सराहना की और महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर प्रशासन की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

# विशेष शिविर में छात्राओं के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण आयोजित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा एवं चारों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा आरंभ किया गया। शिविर को दो सत्रों में विभाजित किया गया। प्रथम सत्र में एन सी आर टी सी द्वारा सुगम -सशक्त परियोजना के अंतर्गत छात्राओं के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण आयोजित कराया गया जिसमें प्रमुख व्याख्याता सयमा सूद ने छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान एवं चुनौतियों का सामना करना सिखाया गया। छात्राओं के हित में डिजिटल साक्षरता का व्याख्यान डॉ शिखा त्यागी, वरिष्ठ शिक्षिका कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट, द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि संचार प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करके ऑनलाइन उपलब्ध जानकारी का लाभ उठा सकते हैं। वर्तमान समय में चल रहे पर्यावरणीय मुद्दा सतत विकास के लक्ष्यों जैसे भुखमरी को समाप्त करना, खाद्य सुरक्षा इत्यादि पर जागरूकता बढ़ाई गई। पर्यावरणीय मुद्दों की श्रृंखला में जल संरक्षण पर चर्चा की गई जिसमें यह बताया गया कि जल हमारे जीवन का एक अहम तत्व है जिसे हमें सुरक्षित करना जरूरी है। प्रथम सत्र के अंत में उत्तर प्रदेश के लोक संगीत विषय पर चर्चा करके छात्राओं को लोक संगीत में शामिल कर रंगारंग माहौल बनाया गया। शिविर के दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं की क्ले निर्मित कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किये जैसे टेडी बेयर, बास्केट, गणेश, पेड़ इत्यादि।

इसी श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए छात्राओं को रिसाइकल और वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में समझाया गया जिसका मकसद लैंडफि ल में जाने वाले कचरे की मात्रा कम करना होता है। अंत में महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता पर विचारधारा व्यक्त करते हुए महिलाओं महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र करने की आवश्यकता है जिससे लैंगिक असमानता कम होती है। दोनों सत्रों का संचालन चारों इकाइयों की कार्यक्रम अधिकारी डॉ आकांक्षा सारस्वत इकाई -ए, शालू देवी इकाई -बी, राखी शर्मा इकाई -सी एवं सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा इकाई -डी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। स्वयं सेविकाओं द्वारा सत्र का समापन राष्ट्रगान कर किया गया।

# सेवकों को लेडर रस्सियां, रस्से एवं उनकी गांठों के प्रकार की जानकारी के बारे में विस्तार से बताया

वेलकम इंडिया



आज नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद में ३सिविल डिफेंस फाउंडेशन कोर्सर३ के अंतर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स के चतुर्थ दिवस उपनियंत्रक श्री नीरज चक जी ने स्वयं सेवकों को लेडर रस्सियां, रस्से एवं उनकी गांठों के प्रकार की जानकारी के बारे में विस्तार से बताया। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार ने वाडेनों को विभिन्न प्रकार कीआपदाओं पर स्टेचर लैंडिंग एवं लोडिंग एवं किस प्रकार एम्बुलेंस पर पहुंचना पर विस्तार से बताया ।इस अवसर पर प्रभारी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, डिविजनल वार्डन मोहम्मद खालिद स्टाफ अधिकारी डॉ शफीक अहमद, वसीम अंसारी, रामौतार वर्मा, पोस्ट वार्डन डॉ0 पूनम बंसल, सूरज प्रकाश, अहमद हुसैन, निमित जायसवाल, कमल किशोर गोला, एहसान उल हक कुरेशी, जसवंत कौर, इसरार हुसैन, संदीप जैन, नरेश कुमार शर्मा, कविता पांडेय, शबरेज आलम, नीतू सक्सेना, विनोद कुमार गुप्ता, दीप अग्रवाल, भव्य बंसल, उत्कृष्ट कुमार शकील अहमद आदि उपस्थित रहे।

# राजनगर एक्सटेंशन में सेवा भारती द्वारा फ्री सैनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सेवा भारती, महानगर गाजियाबाद के सौजन्य से स्टार रामेश्वरम सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन में फ्री सैनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सोसाइटी के कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शुभ्रा जैन (सेवा भारती, महानगर गाजियाबाद) ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल सिर्फ मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी सामग्री वितरित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को इस विषय में जागरूक बनाने, स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने और इससे जुड़े मिथकों को दूर करने का भी प्रयास है।

उन्होंने बताया कि सेवा भारती पिछले दो वर्षों से गाजियाबाद में इस अभियान को चला रही है और अब रामेश्वरम सोसाइटी की महिलाओं का इससे जुड़ना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शुरूआत है और आगे भी सेवा भारती शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्र में अपने प्रयास बढ़ाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने मुख्य अतिथि शुभ्रा जैन और विशिष्ट अतिथि रैनी अहमारा ग्रवाल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हर महीने के पहले सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के संयोजक मनोज अग्रवाल ने बताया कि ह्यप्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन की ओर एक पहलह्व के तहत राजनगर एक्सटेंशन की विभिन्न सोसाइटीज में पिछले एक वर्ष से प्रत्येक माह ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले राजनगर रेजीडेंसी में श्री अग्रवाल सेवा समिति, आशियाना पाम कोर्ट में सारथी क्लब, और प्लैटिनम 321 सोसाइटी में सेवा भारती महानगर गाजियाबाद द्वारा इसी तरह के कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए हैं। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक वंचित परिवारों की महिलाओं को उनकी आवश्यकतानुसार 100 से भी ज्यादा सैनेटरी पैड वितरित किए गए।

# बंगलुरु के तकनीकी मुकाबलों में ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं छा गए

वेलकम इंडिया




**देहरादून, 3 मार्च।** आईआईएससी (ककरू), बंगलुरु के तकनीकी मुकाबलों में ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं छा गए। दिमागी तरंगे पढ़कर रिएक्ट करने वाला चैट बॉट बनाकर ग्राफिक एरा की टीम ने ओपनहैक- 25 के नाम से आयोजित मुकाबले में देश भर में पहला स्थान प्राप्त किया। इसमें चार बच्चों की टीम थी। जिसे भाजपा नेत्री ऋचा भदौरिया के बेटे सुयश सिह भदौरिया ने लीड किया ।राष्ट्रीय स्तर के इस हैकथॉन में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इनमें से सबसे बेहतरीन आइडियाज, तकनीकी कौशल व प्रस्तुति के आधार पर चुनिंदा छात्र-छात्राओं को मुकाबले के अगले दौर के लिए चुना गया। इसमें ग्राफिक एरा के छात्र-छात्राओं की टीम भी शामिल थी। ओपन हैक के फाइनल में ग्राफिक एरा की टीम ने न्यूरोस्त्री नामक चैट बॉट बनाया। यह एआई आधारित चैटबॉट इलैक्ट्रोएन्सेफैलोग्राफी (ईईजी) तकनीक का उपयोग करके व्यक्ति की दिमागी तरंगों का विश्लेषण करता है और जेनरेटिव एआई की मदद से उस व्यक्ति की जरूरत के हिसाब से वास्तविक समय में सहायता देता है। यह तकनीक तनाव, चिंता व अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों की सहायता करने मददगार साबित होगी।

# जन्मों के पुण्य जगते हैं तभी कथा सत्संग में पहुंचते हैं: ओझा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** सरस्वती शिशु विद्यामन्दिर परतापुर की सहायतार्थ राम कथा प्रारम्भ हुई। कथा से पूर्व बड़ी संख्या में माता बहनें उपस्थित हुईं और संकीर्तन करते हुए कलश यात्रा निकली गयी जो कथा स्थल से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई ।कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने राम कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा जब हम पर परमात्मा की अति कृपा होती है और जन्म ।जन्मांतर के पुण्य जाग्रत होते हैं तभी हम कथा सत्संग में पहुंच पाते हैं। इन कथाओं में संतों सज्जनों के सानिध्य में हमारा विवेक जाग्रत होता है जिससे बुद्धि अच्छे और बुरे का भेद कर पाती है। हर व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों होती है लेकिन कथाओं में आने से हमारे जीवन की भक्ति जागृत होती है और भक्ति करने से हमारा विवेक जाग्रत होता है जीवन में अच्छाईयां बढने लगती है। आज कथा में मुख्य यजमान सुनील कुमार सिंघल व आदित्य गुप्ता, जयभगवान गुप्ता गाजियाबाद दैनिक यजमान सन्दीप कुमार गुड्डू , व अन्य लोगों में उपेंद्र तोमर अजय वीर तेवतिया इंद्रपाल प्रधान जी कृष्ण पाल सिंह डॉक्टर कवेंद्र जी डॉक्टर देवेंद्र निशा चौधरी सरोज देवी आदि उपस्थित रहे।

# अपने तैनाती स्थल पर निवास करे प्रभारी चिकित्साधिकारी, साफ सफाई पर दे विशेष ध्यान: डीएम

वेलकम इंडिया



शशि भूषण दूबे कंचनीय/रोमेश रंजन दूबे मीरजापुर 6 मार्च ।सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश शासन डॉ पिंकी जोवेल ने आज जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ मण्डलीय अस्पताल के तीसरे मंजिल पर नव निमार्णाधीन आई0पी0एच0एल0 लैब एवं पुराने जिला महिला अस्पताल (मेडिकल कालेज) परिसर में निमार्णाधीन मेडिकल कालेज महिला विंग का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए प्रगति की जानकारी ली। आई0पी0एच0एल0 लैब के निरीक्षण के दौरान कार्य पूर्ण पाया गया। उन्होंने सी0एम0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से दो दिवस के अन्दर लैब भवन को हैण्डओवर करते हुए होली से पहले लैब में सभी सुविधाएं/मशीने स्थापित करते हुए चालू कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बताया कि मेडिकल डाक्टर व अन्य स्टाफ की कमी को पूर्ण करते हुए मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में कार्यवाही की जा रही हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक में टी0वी0 उन्मूलन कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, लैब टेक्नीशियन तथा तकनीकी सहायको की तैनाती/रिक्त पदो के बारे में विस्तृत समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की। टी0वी0 उन्मूलन कार्यक्रम अभियान के सम्बन्ध में उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 25 मार्च तक टी0वी0 उन्मूलन कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में चलाते हुए टी0वी0 मुक्त भारत बनाने की दिशा में चिकित्सक कार्य करे। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी शत प्रतिशत टी0वी0 रोगियो को चिन्हित करते हुए उनका उपचार सुनिश्चित करें, नियमित रूप से टी0वी0 रोगियो को दवा खिलाने हेतु जागरूक करते हुए उसका सत्यापन भी करे तथा पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु निक्षय पोटली कार्यक्रम के तहत स्वंय सेवी संगठनो व गणमान्य लोगो से समन्वय स्थापित कर टी0वी0 रोगियो को निक्षय पोटली का वितरण कराएं तथा यह भी सुनिश्चित करे वे उस पौष्टिक आहार का नियमानुसार सेवन करें। उन्होंने कहा कि ओ0पी0डी0 में प्रत्येक चिकित्साधिकारी आने वाले मरीजो को विविधवत तरीके से जांच सुनिश्चित करें तथा उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करे। उन्होंने सभी स्वास्थ्यय योजनाओं की जानकारी लेते हुए उसे गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू कराते हुए लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को देय भुगतान आनलाइन सिस्टम से शत प्रतिशत करना सुनिश्चित किया जाए। आयुष्मान मन्दिर को सक्रिय करते हुए दूरभाष के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सको से वार्ता कर मरीजो को लाभ पहुंचाए। उन्होंने लैब टेक्नीशियन तथा अन्य तकनीकी कार्मिको के प्रतिदिन की कार्य प्रगति की रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को प्राप्त कर समीक्षा करने का निर्देश दिया।

## जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में

# मैट्रो स्टेशनों से सम्बंधित समन्वय समिति की बैठक हुई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा के निदेर्शानुसार सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष उपाध्याय की अध्यक्षता में राजस्व जिला गाजियाबाद के क्षेत्राधिकारी के अन्तर्गत आने वाले मैट्रो स्टेशनों से सम्बंधित समन्वय समिति की बैठक सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में आहूत हुई। बैठक के दौरान नगर निगम गाजियाबाद, लोक ? निर्माण विभाग, यातायात विभाग व समाज कल्याण विभाग से सम्बंधित 9 बिन्दुओं के निस्तारण पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। नगर निगम से सम्बंधित शहीद स्थल, मोहन नगर व शहीद नगर में सफाई से सम्बंधित था, जिस पर मेट्रो प्रतिनिधियों ने बताया कि उक्त क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई हो रही है। वहीं शहीद नगर में फुटपाथ के क्षतिग्रस्त और अतिक्रमण होने की समस्या थी। सिटी मजिस्ट्रेट महोदय ने पीडब्लूडी व मैट्रो प्रतिनिधियों को



संयुक्त निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। वहीं श्याम पार्क मैट्रो स्टेशन गेट सं.–2 के बाहर फेरीवालों/विक्रेताओं के कारण आवागमन की शिकायत थी, सम्बंधित अधिकारी ने अवगत कराया कि अभियान चलाकर उन्हें हटाते हैं किन्तु चलायमान होने के कारण पुनः वहीं खड़े हो जाते है। सिटी मजिस्ट्रेट महोदय ने निर्देशित किया कि उक्त के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएं। कौशाम्बी मेट्रो स्टेशन में नाला निर्माण होना है। जिसके लिए महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पीडब्लूडी व मैट्रों के प्रतिनिधि निरीक्षण करें, और स्थायी समाधान निकालें। इसके साथ ही शहीद स्थल, हिण्डन रिवर, मोहनगर व राजबाग में ई–रिक्शा/ऑटो आदि के द्वारा जाम लगा रहता है, जिस कारण यात्रियों को आवागमन में ?समस्या होती है। यातायात विभाग ने अवगत कराया कि उक्त के खिलाफ लगातार चालान व सीज़िंग की कार्यवाही की जाती है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ ई–रिक्शा पर नम्बर प्लेट भी नहीं होती है, जिस कारण समस्या आती है। सिटी मजिस्ट्रेट महोदय ने यातायात विभाग व आरटीओ को समन्वय बनाते हुए कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही चालान व सीज़िंग की कार्यवाही की रिर्पोट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। मैट्रो प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि शहीद स्थल, कौशाम्बी, वैशाली आदि स्टेशनों पर भिक्षुकों के कारण यात्रियों को समस्या होती है। इस पर समाज कल्याण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास भिक्षुक गृह की व्यवस्था संचालित नहीं है। सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.संतोष उपाध्याय ने सभी अधिकारी और मैट्रों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय को बनाते हुए कार्य करें, सभी समस्याओं को जल्द निराकरण कराया जायेगा। बैठक में श्री एसपी मिश्र अधिशासी अधिकारी नगर निगम, श्री रामराजा ईई पीडब्लूडी, श्री ओमपाल सिंह, श्री राममिलन ट्रेफिक पुलिस, श्री आरसी श्रीवास्तव मैट्रो प्रति ?निधि, श्री तनुज गुप्ता मैट्रो प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान जन सुनवाई हेतु आए प्रार्थियों/शिकायतकताओं द्वारा जिलाधिकारी महोदय को क्रमवार

■ प्राथमिकता के आधार पर होगा समस्याओं का समाधान : जिलाधिकारी दीपक मीणा

अपनी–अपनी समस्याओं के सम्बंध में पत्र प्रेषित करते हुए अपनी समस्या से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी महोदय ने सभी की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि जनसुनवाई में आई शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जन सुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए श्री विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट श्री सन्तोष कुमार उपाध्याय व एसडीएम श्री चन्द्रेश उपस्थित रहे।

## जिले में होगा महा कुंभ के जल का वितरण, सभी थानों में मिलेगा अमृत जल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रयागराज महाकुंभ के पावन संगम जल का वितरण गाजियाबाद के सभी थानों में बृहस्पतिवार को किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने यह विशेष पहल उन लोगों के लिए की है जो किसी कारणवश महाकुंभ में संगम स्नान नहीं कर सके। अब प्रशासन के सहयोग से यह अमृत जल गाजियाबादवासियों तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि कोई भी श्रद्धालु इस पुण्य जल से वंचित न रहे। सीएफओ राहुल पाल ने जानकारी दी कि सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक पुलिस लाइन में वाटर ब्राउजर खड़ा रहेगा, जहां से यह जल वितरित किया जाएगा। संगम जल वितरण के लिए गाजियाबाद दमकल विभाग की 5 गाड़ियां 4 मार्च को प्रयागराज से 10,000 लीटर जल लेकर रवाना हुई थीं। ये गाड़ियां 6 मार्च की सुबह गाजियाबाद पहुंचीं, जिसके बाद सभी थानों में इस जल का वितरण शुरू किया गया। साहिबाबाद फायर स्टेशन का वाटर टेंडर सुबह 8 से 10 बजे तक थाना साहिबाबाद में रहेगा। इसके बाद लिंक रोड, शालीमार गार्डन और टीला मोड़ तक जल पहुंचाया जाएगा। लोनी फायर स्टेशन का टेंडर थाना लोनी, लोनी बॉर्डर, अंकुर विहार और ट्रोनिका सिटी में संगम जल का वितरण करेगा।

## नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण व डीएम की अध्यक्षता में ई–लॉटरी के माध्यम से शराब की दुकानों का हुआ सफल आंवटन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में विभिन्न श्रेणियों में शराब की 463 दुकानों के लिए 12037 सफल आवेदन प्राप्त हुए, दुकानों के आवंटन के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर में जिले के नोडल अधिकारी श्री अमृत अभिजात प्रमुख सचिव के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता व नगरायुक्त श्री विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीसीपी सिटी श्री राजेश कुमार, जिला आबकारी अधिकारी सचिव सहित नामित सदस्य सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन मेरठ, ने जनपद की 214 दुकानें देशी शराब, 192 कम्पोजिट शॉप, 43 मॉडल शॉप, 14 भांग की दुकानों का व्यवस्थापन ई लाटरी के माध्यम से सकुशल संपन्न कराया गया।





आबकारी विभाग ने ई-लाटरी के माध्यम से शराब की दुकानों (लाइसेंस) का आवंटन किया। चयनित दुकानों को ई-लाटरी के माध्यम से आवंटित किया गया। सभी सफल आवंटियों का नाम माइक से बोल कर पढा गया। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है।

## नारी जागरण विकास संस्थान ने किया सदस्यता नवीनीकरण, नशा मुक्त भारत अभियान को दिया समर्थन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नारी जागरण विकास संस्थान द्वारा संस्था के सदस्यों की सदस्यता नवीनीकरण एवं नई नियुक्तियों का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष लज्जा यादव ने सीमा त्यागी को उत्तर प्रदेश का महासचिव, मोहम्मद सुलेमान अल्वी को गाजियाबाद का जिला अध्यक्ष, और दीपशिखा को गाजियाबाद क्षेत्र प्रभारी नियुक्त किया। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संस्था की जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा से निभाने की शपथ ली। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष लज्जा यादव ने कहा कि संस्था केवल सामाजिक उत्थान के लिए ही नहीं, बल्कि नशा मुक्त भारत अभियान में भी सक्रिय रूप से भाग लेगी। उन्होंने कहा कि अवैध नशे के कारण युवा और बच्चे बर्बाद हो रहे हैं, लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर सरकारों ने अब तक पर्याप्त ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं, चोरी-चकारी में लिप्त हो रहे हैं और उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से सभी थानों और चौकियों को निर्देशित करने की मांग की, ताकि अवैध नशे के व्यापार पर सख्ती से रोक लगाई जा सके। संस्था के सदस्यों ने शपथ ली कि वे समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और नशा मुक्त भारत अभियान को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाएंगे।

## यूजर चार्ज वसूली की रफ्तार बढ़ाने हेतु नगर आयुक्त ने टीम को दिए निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने यूजर चार्ज वसूली की गति बढ़ाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों की बैठक लेकर 25 दिनों में 10 करोड़ रुपये वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) को भी यूजर चार्ज के दायरे में शामिल किया जाए। इसके लिए सभी जोनों में तेजी से कार्रवाई कर पथ विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और उन्हें शुल्क देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगर आयुक्त ने जोर देकर कहा कि स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन में पथ विक्रेताओं की भी भागीदारी होनी चाहिए। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र



कुमार ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम ने अब तक 5 करोड़ रुपये की यूजर चार्ज वसूली की है, जिसे बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए वसूली बढ़ाने को लेकर नई रणनीति तैयार की गई है। व्हाट्सएप के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिल भेजे जाएंगे। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ-साथ बिल वितरण भी किया जाएगा। मोबाइल एप्लिकेशन विकसित कर उपभोक्ताओं को भुगतान की सुविधा दी जाएगी। सभी जोनल कार्यालयों में यूजर चार्ज जमा करने के लिए अलग विंडो बनाई जाएगी, जिससे उपभोक्ता आसानी से भुगतान कर सकें। पथ विक्रेताओं को पंजीकृत कर उन्हें यूजर चार्ज के दायरे में लाया जाएगा। नगर आयुक्त ने टीम को निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में निरीक्षण कर उन भवनों और प्रतिष्ठानों की पहचान की जाए, जो अभी तक यूजर चार्ज नहीं दे रहे हैं। इन सभी को वसूली के दायरे में लाया जाएगा और इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन जोनल कार्यालय में जमा करनी होगी।

## हाउस टैक्स वसूली की रिपोर्ट देख विभाग पर भड़के प्रमुख सचिव नगर विकास

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड, हरित शवदाह गृह, सीएम ग्रिड और हाउस टैक्स वसूली सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा की गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम की योजनाओं पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

प्रमुख सचिव ने हाउस टैक्स वसूली की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त किया और सिटी एवं वसुंधरा जोन के जोनल प्रभारियों को कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया और मुख्य कर निर्धारण



अधिकारी डॉ. संजीव से वसूली के लिए बनाए गए रणनीतिक प्लान की जानकारी ली। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी बैठक में मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि हाउस टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। शहर हित में टैक्स कलेक्शन को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि होली के बाद ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट का शुभारंभ संभावित है। इसके तहत विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यावरणीय विकास कार्य किए जाएंगे। सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई। मोहन नगर चौराहे पर इस प्रोजेक्ट के तहत तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए।

## सीएमओ कार्यालय में अस्पताल पंजीकरण कराने पहुंचे डॉक्टर की हार्ट अटैक से मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सीएमओ कार्यालय में नए अस्पताल के पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान मिथिलेश नर्सिंग होम के संचालक डॉ. अमरेश चंद्रा (68) की हृदयाघात से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब वह सीएमओ कार्यालय के प्रथम तल पर पहुंचे थे। अचानक सीने में तेज दर्द होने पर वे गिर पड़े।

सीएमओ कार्यालय में मौजूद जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता तुरंत उन्हें एंबुलेंस से जिला संयुक्त अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन के अनुसार, डॉ. अमरेश चंद्रा पहले जीटी रोड पर ह्यसुदर्शनह्ल नामक अस्पताल पार्टनरशिप में संचालित कर चुके थे। वर्तमान में फर्म परिवर्तन होने के कारण उन्होंने 1 मार्च को आयुषवर्धक मिथिलेश हॉस्पिटल(भाटिया मोड़) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन किया था। इसी संबंध में जानकारी लेने के लिए वह सीएमओ कार्यालय आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब वे भूतल से प्रथम तल की ओर सीढ़ियां चढ़ रहे थे, तभी उन्हें तेज सीने में दर्द महसूस हुआ और वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े।

बताया जा रहा है कि डॉ. अमरेश चंद्रा को हाइपरटेंशन और डायबिटीज की पुरानी समस्या थी। आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक शारीरिक गतिविधि और मानसिक तनाव के कारण उन्हें हार्ट अटैक आया।

## दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर कॉरिडोर के पहले चरण का कार्य शुरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण में मुख्य द्वार और यात्री निवास के निर्माण कार्य की शुरूआत हो गई है। इस पवित्र परियोजना का शुभारंभ श्रीमहंत हरि गिरि महाराज और श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया, जिन्होंने इस मंदिर के पुनरुद्धार और भव्यता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

गाजियाबाद का श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मंदिर की स्थापना लंका नरेश रावण के पिता, ऋषि विश्रवा ने की थी। मान्यता है कि रावण और छत्रपति शिवाजी महाराज भी यहां पूजा-अर्चना कर चुके हैं। मंदिर की ऐतिहासिकता और आध्यात्मिक महत्ता को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने इसे काशी विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर विकसित करने का निर्णय लिया है। मंदिर कॉरिडोर परियोजना उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से की जा रही है। मुख्य द्वार और यात्री निवास के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाएं मिलेंगी। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज और श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ, जिससे सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की पताका पूरे विश्व में फहराई। इसी क्रम में देशभर के प्रमुख मंदिरों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। मंदिर समिति के अनुसार, कॉरिडोर निर्माण से उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

इस ऐतिहासिक कार्य के पहले चरण की शुरूआत को लेकर श्रद्धालुओं और संत समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज और श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने इस परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि यह मंदिर सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

